अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# जेपीएस, सेंट जेवियर्स व आशा पब्लिक स्कूल में नर्सरी कक्षाएं नहीं!

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आरटीई की वेबसाइट में इन नामीगिरामी स्कूलों में कक्षा 01 से ही प्रवेश दिखाए गए
- उम्र के हिसाब से नर्सरी से कक्षा 01 तक में प्रवेश देने का जारी किया गया शासनादेश


**अमृत विचार।** पात्रता रखने के बाद भी सभी जरूरतमंदों को नामीगिरामी कॉन्वेंट विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेश नहीं मिल पाएगा। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 को लेकर जनपद के जनप्रतिनिधि उदासीनता रवैया अपना रहे हैं। अफसरों ने भी चुप्पी साध रखी है। योजना का लाभ लेने के लिए अगर वेबसाइट पर जाएं तो शहर के जेपीएस, सेंट जेवियर्स व आशा पब्लिक स्कूल में नर्सरी कक्षाएं ही संचालित नहीं हैं। यहां कक्षा 01 से ही लाभ मिल सकेगा।

दुर्बल व अलाभित परिवारों के लिए चल रहा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की बखिया उधेड़ने के लिए कुछ शिक्षा माफियाओं व बेसिक शिक्षा विभाग का 'महागठबंधन' की काफी है। पात्रों को आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसदी निशुल्क कोटे में सीटें आरक्षित हैं। इसमें सभी जातियों के बच्चों को लाभ देने का नियम है। नर्सरी में प्रवेश के लिए 03 वर्ष से अधिक बच्चे पात्र माने गए हैं। इसका जिक्र अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शासनादेश में किया है। उन्होंने कहा है कि उम्र के हिसाब से बच्चों को कक्षा में प्रवेश मिलेगा। 03 से 07 साल तक के बच्चे अर्ह होंगे। हालांकि सभी स्कूलों ने आरटीई के लिए नर्सरी स्तर की कक्षाओं को मैप्ड नहीं किया है। कुछ ने मैप्ड किया तो सीटों की संख्या काफी कम दिखाई है जो लोगों के गले नहीं उतर रही है।



शहर का जेपीएस फ्यूचर स्टार का भवन जिसमें पीजी की कक्षाएं तो चलतीं हैं लेकिन आरटीई पोर्टल पर नहीं दिखतीं। अमृत विचार

> नर्सरी की कक्षाओं की मान्यता नहीं होती है। इसलिए इस मामले में वह कोई कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। जिन स्कूलों में प्रवेश नहीं मिले हैं या सीटें छिपाई हैं उनकी जांच कर नोटिस जारी किया जाएगा।
>
> –संदीप कुमार, बीएसए




### मंत्री असीम के इलाके के 50 फीसदी विद्यालयों ने कक्षाएं छिपाईं

**कन्नौज।** सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक असीम अरुण हैं। वह वर्तमान में सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भी हैं। उनके क्षेत्र कन्नौज के ही कई जरूरतमंद आरटीई के तहत प्रवेश पाने को तरस रहे हैं। आरटीई के पोर्टल पर देखा जाए तो यहां सदर विकास खंड क्षेत्र में 50 निजी विद्यालय ही संचालित हैं और प्री-प्राइमरी यानि नर्सरी की कक्षाएं 27 में ही संचालित हैं। नगर पालिका परिषद कन्नौज के कुल 25 वार्ड व मोहल्लों में 41 विद्यालय हैं लेकिन नर्सरी की कक्षाएं 22 स्कूलों में ही हैं।

### स्कूली वाहन में ठूंस कर भरे जाते बच्चे

निजी स्कूलों के वाहनों में छात्र-छात्राएं भरकर जाते हैं। एक- एक विद्यालय में कई-कई बसें हैं। उनमें बच्चे ठूंसकर भरे जाते हैं। स्कूल की छुट्टी होने पर आसपास भारी भीड़ उमड़ती है। इसमें नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के भी बच्चे दिखते हैं। उनको देखकर ही संख्या का अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां कितने बच्चे पंजीकृत होंगे। शहर के जेपीएस में कक्षा 01 में 30 सीटें दिखाई गईं हैं और आरटीई के तहत महज 08 को ही लाभ मिलेगा। आशा पब्लिक स्कूल में नर्सरी नहीं है और कक्षा 01 में आरटीई की 10 सीटे ही हैं। सैनिक कॉन्वेंट स्कूल सरायमीरा में महत 03 सीटें ही कक्षा 01 में मैप्ड हैं। इसी तरह सेंट जेवियर्स में कक्षा 01 की आरटीई की सीटें 15 हैं। रोटरी क्लब में प्री-प्राइमरी की 05, कानपुर पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन में 10 और बड़ा बाजार के इस स्कूल में 04 सीटें ही पोर्टल पर दिख रहीं हैं।



बैंक शाखा में ताला डाल कर प्रदर्शन करते कर्मी। अमृत विचार

# मांगों को लेकर बैंक शाखा कर्मियों ने की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मांगों को लेकर बैंक कर्मी गुरुवार को हड़ताल पर रहे। बैंकों के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। हड़ताल से जिले भर के बैंकों में करोड़ों रुपये का लेनदेन प्रभावित हुआ।

यूपी बैंक इम्पलाइज यूनियन के आवाहन पर बैंकों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। यूनियन के जिला महामंत्री गौरव मिश्रा ने बताया कि बैंकों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मियों को रखने की तैयारियां चल रहीं हैं। इसके अलावा बैंकों के निजीकरण के भी प्रयास किये जा रहे हैं। बैंक शाखाओं में पर्याप्त स्टाफ न होने से कर्मियों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा। मांग की गई कि बैंकों में कर्मचारियों की भर्ती होनी चाहिए। पेंशन बहाली की भी प्रमुख मांग है। इसको लेकर बैंकों में हड़ताल की गई है। उन्होंने बताया कि हड़ताल से कन्नौज जिले की बैंकों में कई करोड़ रुपये का लेनदेन प्रभावित हुआ है। प्रदर्शन के दौरान जिला मंत्री गौरव द्विवेदी, उपाध्यक्ष सुमित द्विवेदी, जिला मंत्री सचिन चौहान, राजेन्द्र यादव, अमरजीत, मुकेश कुमार, नवीन, रामगोपाल समेत कई कर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**सौरिख।** पुरानी रंजिश के चलते दरवाजे पर बैठे युवक को गांव के युवक ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के भटपुरी गांव निवासी सुरेश कुमार पुत्र अव्वल सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 25 जनवरी की शाम लगभग 7:00 बजे उसका पुत्र अभय कुमार दरवाजे पर बैठा हुआ था। इस समय गांव का ही भूलन आया और गाली देने लगा। पुत्र ने गाली देने से मना किया तो लोहे की राड से हमला कर दिया। इससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। अभी तक वह पुत्र का इलाज करा रहा था। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

### स्कूल को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी में रिपोर्ट

**सौरिख।** सौरिख क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सौरिख थाना क्षेत्र के ईजलपुर गांव निवासी कुलदीप यादव का शीला देवी सत्य वीर सिंह इंटर कॉलेज गांव के बाहर सौरिख मैनपुरी रोड पर है। कुछ दूरी पर ईंट भट्ठा भी है। मंगलवार को कुलदीप को डाक के माध्यम से एक रजिस्ट्री प्राप्त हुई थी जो सरायमीरा कन्नौज से 3 फरवरी को की गई थी। पत्र में कॉलेज को आरडीएक्स से उड़ाने, कुलदीप यादव व उनके बेटे की हत्या की धमकी दी गई थी। पीड़ित की शिकायत पर थाना प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

### बच्चों की जिलास्तरीय खेलकूद 16 फरवरी से

**कन्नौज।** बीएसए संदीप कुमार ने सभी बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि परिषदीय स्कूलों के बच्चों की दो दिवसीय जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं 16 व 17 फरवरी को होंगी। खेल स्टेडियम सौरिख में होने वाली इन प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तरीय प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए बीईओ उमर्दा विपिन कुमार को प्रभारी व बीईओ सौरिख विश्वनाथ पाठक को सह प्रभारी खेलकूद नामित किया है।

### बाजे वालों को कार ने रौंदा, 8 लोग घायल

**छिबरामऊ।** नेशनल हाईवे-34 पर तेज रफ्तार कार ने बारात चढ़ाने की तैयारी में जुटे बैंड-बाजे और बग्गी वाले लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सरैया (अकबरपुर) निवासी राजकिशोर दुबे की भतीजी की शादी के दौरान हुआ। बैंड पार्टी के सदस्य और अन्य लोग बारात चढ़ाने जा रहे थे, तभी बेकाबू कार भीड़ में घुस गई और कई लोगों को कुचलते हुए गुजरी। घायलों को तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, यहां से उनकी गंभीर हालत के कारण तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में चांद बाबू (32), साबिर (25), इस्तक अली (32), वसीम अली (40), सानू (38), राजेंद्र (45), सूरज (55) और चंदन (39) शामिल हैं। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।


एक्सप्रेसवे पर पलटी पड़ी स्लीपर बस। अमृत विचार


सीएचसी सौरिख में भर्ती कराए गए घायल। अमृत विचार


अस्पताल में बच्चों के साथ घायल महिला। अमृत विचार

# दरभंगा से दिल्ली जा रही स्लीपर बस पलटी, 36 सवारियां घायल

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा, चालक पर अशोक ट्रैवल्स की स्लीपर बस नशे में चलाने का आरोप

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सुबह सकरावा थाना क्षेत्र में चालक की लापरवाही के चलते दरभंगा से दिल्ली जा रही स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस पर सवार लगभग 36 सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर हाईवे की सुरक्षा टीम समेत सौरिख व सकरावा की आधा दर्जन एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य में जुट गईं। 15 गंभीर घायलों को मिनी पीजीआई सैफई जबकि 21 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया गया।

गुरुवार को अशोक ट्रैवल्स की 90 सवारियों से भरी स्लीपर बस बिहार के मधुबनी से दिल्ली जा रही थी। सुबह साढ़े 6 बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सकरावा थाना क्षेत्र में ग्राम नगला खेमकरन के सामने किलोमीटर संख्या 144 पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना से सवारियों में चीख़ पुकार मच गई। घटना के बाद चालक हेल्पर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही हाईवे के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह एवं सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कनौजिया और यूपीडा की सेफ्टी टीम और आधा दर्जन एंबुलेंस के अलावा सौरिख थाना अध्यक्ष जयंती गंगवार एवं सकरावा थाने के प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर बस की खिड़कियों के शीशे तोड़कर सवारियों को निकाला। 21 सवारियों को सौरिख अस्पताल व गंभीर रूप से घायल 15 लोगों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

घायलों का कहना है बस का चालक पहले से ही नशे में था। सुबह 4 बजे के करीब एक्सप्रेस वे के फूड प्लाजा पर भी शराब पी थी। इसके चलते ही हादसा हुआ है। बस पलटने से एक्सप्रेस वे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बस को करीब आधे घंटे बाद क्रेन से हटाकर किनारे किया गया। इसके बाद यातायात सुचारू हुआ। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने तेज रफ्तार व नींद की झपकी के कारण हादसा होने की बात कही है।




मरहम पट्टी के बाद बैठे घायल। अमृत विचार

### आगे के सफर के लिए भटकती रहीं सवारियां

**सौरिख।** हादसे के बाद करीब 50 सवारियां आगे के सफर के लिए भटकती रहीं। पुलिस ने रोडवेज बसों को रुकवा कर बैठाया लेकिन परिचालक बगैर टिकट आगे ले जाने के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए किराया देकर आगे के सफर पर निकलना पड़ा। इसमें कुछ सवारियों के पास टिकट के भी पैसे नहीं थे।

### बस हादसे में यह लोग हुए हैं घायल

सौरिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विजय कुमार (40), मोहन जाटव (42), राजकुमार जाटव, रनजन जाटव पुत्र निवासीगण निवासी सिमरी दरभंगा बिहार, हिमान्शू कुमार, विजय कुमार निवासीगण निवासी मोहल्ला कचहरी वैशाली थाना वैशाली बिहार मो. समशाद, प्रियंका सोनी पुत्री (23) निवासी दिखवा दिवोली थाना बैकुन्ठपुर गोपालगंज, मो. अन्सार निवासी खरुऊआ थाना रैयका जिला मधुबनी बिहार, राजकुमार जादौन (37) निवासी फुलथुआ थाना सिमरी जिला दरभंगा, गुलशन खातून निवासी रतनपुर थाना चकमायिसी बिहार, कुलशुम (03 माह), शमसाद पुत्रगण यामीन (07), रुखसार खातून पुत्री यामीन (03), पूजा पत्नी रामनाथ (26), पुत्र प्रज्ञानी निवासीगण बिशवी जिला मधुबनी बिहार, पप्पू कुमार (30) निवासी शिशवानी थाना व जिला वैशाली बिहार, वीरेन्द्र कुमार निवासी मुरलिया चन्द्र (29) थाना मधुबनी, सुशील झा (38) निवासी निहारी थाना जाले जिला दरभंगा, लालदाय (29) निवासी मुरलीगंज विस्पी जनपद मधुबनी बिहार, प्रीती झा (23) निवासी निहारी थाना जाले जनपद दरभंगा बिहार को भर्ती कराया गया। दुर्गा, आकृति झा (10), नीतू झा (35) निवासीगण मधुबनी बिहार, रामसागर (40), रीती देवी निवासीगण मनमोहन, नितीस कुमार (22), सविता देवी (35) निवासीगण दिबियापुर जिला दरभंगा बिहार, रामचन्द्र (68) निवासी विजलपुर मधबनी बिहार, रमसेद (35) बीरा देवी (32), रागिनी (7) निवासीगण मधुबनी बिहार, दच्छेमा (30), अहमद अली (35), अयान अली (12) निवासीगण कोटी जिला मोतीहारी को जबकि आसिया परवीन पुत्री अहमद अली (06) को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# 17 मार्च से होगी गेहूं की सरकारी खरीद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**20** रुपये उतराई छनाई भी मिलेगी

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष2026-27 के लिये सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। क्रय केंद्रों पर 17 मार्च से खरीद की जाएगी औरर इस बाद गेहूं 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद में अतिरिक्त 20 रुपये प्रति क्विंटल उतराई एवं छनाई मद में देय होंगे। जिले में 35 क्रय केंद्र अनुमोदित हैं। इनमें खाद्य विभाग के 09, पीसीएफ के 23 व भारतीय खाद्य निगम के 03 केंद्र शामिल हैं। विकास खंडवार कन्नौज में 05, जलालाबाद में 01, गुगरापुर में 01, उमर्दा में 10, हसेरन में 04, सौरिख में 08, छिबरामऊ में 05 तथा तालग्राम में 04 केंद्र हैं।

### अब तक 30 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद

**कन्नौज।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत वर्तमान में जनपद की मंडियों में स्थित सात धान क्रय केंद्रों पर खरीद हो रही है। अब तक 5612 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 4477 का सत्यापन पूर्ण हो चुका है। 11 फरवरी तक 3864 किसानों से 30,667.52 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें से 3843 किसानों को 7306.99 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

# कैंप में दिए सुरक्षित बैंकिंग के टिप्स

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 के तहत एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

ब्लाक जलालाबाद की ग्राम पंचायत रुदौली व परशपुर सरैया स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में आरबीआई से एलडीओ अशोक व बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम रंजीत कुमार सिंह ने केवाईसी की जरूरत और बैंक की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर कई लोग रहे।


साइबर फ्राड से बचाव की जानकारी देते एलडीएम। अमृत विचार

**आयोजन** बीआरसी सदर परिसर में जिलास्तरीय बाल उत्सव हुआ

# मेरे बदलाव की कहानी, कॉमिक बुक में 10 विद्यार्थी चयनित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बीआरसी सदर परिसर में जिलास्तरीय बाल उत्सव हुआ। प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 कार्यक्रम के तहत मेरे बदलाव की कहानी में 36 बच्चों ने विचार प्रस्तुत किए। कॉमिक बुक में 30 बच्चों ने चित्रांकन किया।

गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय हैवतपुर कटरा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से संदेश चित्रित किए। बीएसए संदीप कुमार एवं सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान अमित कुमार ने मेरे बदलाव की कहानी में चयनित छात्रा अनुराधा भारती केजीबीवी अनौगी जलालाबाद, रेहाना यूपीएस हैवतपुर कटरा, तृप्ति यूपीएस मधई नगला छिबरामऊ, शीला कंपोजिट विद्यालय सिकंदरपुर छिबरामऊ व सफल सिंह कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर को सम्मानित किया। इसी तरह कॉमिक बुक में चयनित मीनू केजीबीवी तालग्राम, अमृता सिंह केजीबीवी नगर क्षेत्र कन्नौज, दिया यूपीएस सिरसा उमर्दा, दिव्यांशी पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कनौली व निमिषा कंपोजिट विद्यालय बझेड़ी को पुरस्कार दिए। जिला, ब्लॉक नोडलों को भी सम्मानित किया गया।

जनपद नोडल बालिका शिक्षा राजपाल ने बताया कि चयनित बच्चों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा। इस मौके पर जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रोहित तिवारी, स्नेहलता द्विवेदी, नीतू गौतम व कल्पना राजपूत उपस्थित रहीं।


बीआरसी सदर परिसर में प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए विद्यार्थी। अमृत विचार

### टीएलएम प्रदर्शनी में लाइव डेमो से समझाया

**कन्नौज।** समावेशी शिक्षा के तहत जनपदीय टीएलएम प्रदर्शनी भी बीआरसी सदर में लगी। विशेष शिक्षकों ने स्टॉल पर अपनी बनाई विशेष शिक्षण सामग्रियों (टीएलएम) को प्रदर्शित किया। साथ ही उनके प्रयोग की बारीकियों को लाइव डेमो देकर समझाया। शिक्षकों ने कबाड़ से जुगाड़ और कम लागत में ऐसी सामग्रियां तैयार की हैं, जो दिव्यांग बच्चों के कठिन पाठ को भी खेल बना देती हैं। प्रदर्शनी का निरीक्षण बीएसए संदीप कुमार व जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) सुबोध अवस्थी ने किया।

# हरिगोविंद को मिला राष्ट्र स्तरीय साहित्यिक सम्मान

**छिबरामऊ।** सिकंदरपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कवि, पर्यावरण प्रहरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरिगोविंद शाक्य 'हरि' को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। नव उदय पब्लिकेशंस, ग्वालियर द्वारा उन्हें 'संत मीराबाई साहित्यिक सम्मान' से नवाजा गया।

हरिगोविंद साहित्य में अपनी काव्य रचनाओं के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, शाकाहार प्रचार और सामाजिक जागरूकता के कार्यों के लिए जाने जाते हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के साहित्यकारों, कवियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि ने बधाई दी है।

# 28 को अपर आयुक्त 13 मार्च को कमिश्नर आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कलेक्ट्रेट की हकीकत देखेंगे मंडलायुक्त, सीडीओ ने भी जारी किया रोस्टर

**अमृत विचार।** जनपद में अब कानपुर मंडल स्तर के अधिकारियों का निरीक्षण शुरू होने जा रहा है। इसका कार्यक्रम भी आ गया है। पहले अपर आयुक्त दो ब्लॉकों को देखेंगे उसके बाद मंडलायुक्त कलेक्ट्रेट की हकीकत परखेंगे। इसकी तैयारियां भी शुरू हो गईं हैं।

बताया गया है कि 28 फरवरी को विकास खंड कन्नौज व उमर्दा का निरीक्षण अपर आयुक्त कानपुर करेंगे। उसके बाद 13 मार्च को मंडलायुक्त के कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करने का कार्यक्रम जारी हो गया है। उनकी ओर से विकास भवन या अन्य किसी सरकारी भवन का औचक निरीक्षण करने की भी चर्चा है। इससे पहले जनपद में विकास खंडों का हाल देखा जा रहा है। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया कि 11 फरवरी को सौरिख ब्लॉक का निरीक्षण हो चुका है। 13 को उमर्दा का निरीक्षण होगा। 17 फरवरी को छिबरामऊ, 19 को गुगरापुर, 20 को तालग्राम, 23 को जलाबाद, 25 को हसेरन व 27 को कन्नौज विकास खंड का निरीक्षण होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव ने सभी ब्लॉकों का निरीक्षण कर आख्या भेजने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक पर मोबाइल फोन का प्रयोग करते तीन लोग पकड़े गए

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में गुरुवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान नगर में दो पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुये तीन पकड़े जाने पर 24 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा उनके डी0एल0 निलम्बित किये गये। वर्ष 2026 में माह जनवरी में 26 डी0एल0 निलम्बित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त मार्ग पर बिना फिटनेस संचालित 5 वाहन सीज किये गये तथा उन पर 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत,कोहराम

**कन्नौज।** बुधवार की रात गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्रके रजलामऊ निवासी सुशील कुमार (45)पुत्र सुखवासी लाल किसी काम से गुरसहायगंज गये थे। रात 09 बजे के करीव बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह मामा होटल के निकट पहुंचे उसी समय किसी वाहन ने उनकी बाइक ने टक्कर मारदी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर परिजन उनको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### ढोल बजाते निकली साईं पालकी यात्रा

**छिबरामऊ।** पीपल चौराहा स्थित विजयनाथ मंदिर में साईं बाबा की भव्य मूर्ति विराजमान है। यहां गुरुवार को पंडित रामकिशोर मिश्रा ने पालकी का पूजन कराया। इसके बाद शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ कालिका देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न हो गई। तत्पश्चात श्री विजय नाथ मंदिर में हवन पूजन हुआ। कन्या भोज के बाद पूरे दिन पूड़ी सब्जी के प्रसाद का वितरण चलता रहा। कार्यक्रम में संदीप दुबे, रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, आलोक गुप्ता टिल्लू, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, अनुज गुप्ता अन्नू, अनिल गुप्ता, मनीष शर्मा, विनीत शर्मा, सचिन गुप्ता,राहुल रावत, पंकज दुबे, उज्वल गुप्ता, मंटू गुप्ता, मुन्नू गुप्ता, श्याम गुप्ता व सोनू रावत सहित कई भक्त मौजूद रहे।

### उपकरण पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को एसएन साध ट्रस्ट के सौजन्य में दिव्यांग शिविर सुबह नौ बजे से प्रारम्भ हुआ। शिविर का उद्घाटन राकेश साध, चमकेश साध द्वारा किया गया। मधु साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध, रोहित गर्ग ने दिल्ली से आकर व्यवस्था की कमान संभाली। इस शिविर की विशेषता ये है कि कोई भी दिव्यांग जन केवल अपना आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आये और तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क शिविर में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इस नेक कार्य में उदय पाल, गुंजा जैन, सुजीत वर्मा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध, शेखर साध और जयपुर की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा।आज कुल 230 रजिस्ट्रेशन किए गए।

### आज महाकाल पालकी यात्रा निकलेगी

**फर्रुखाबाद।** महाशिवरात्रि के पर्व के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक मंदिर पंडा बाग में विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। गुरुवार को भगवान शिव व पार्वती का मेहंदी कार्यक्रम भक्ति पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। 13 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को पंडाबाग मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करके पुनः पंडाबाग मंदिर पर विश्राम होगी। यह जानकारी मंदिर के पुजारी गोपाल शर्मा व उमेश शर्मा ने दी। उन्होंने सभी भक्तों से यात्रा में भागीदारी करने की अपील की है।

### जीजीआईसी की छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**अमृतपुर।** गुरुवार को महर्षि दयानन्द जन्मोत्सव का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कालेज व सियाराम पब्लिक इंटर कालेज राजेपुर के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से सम्पन्न कराया गया जिसका संयोजन जीजीआईसी राजेपुर की प्रधानाचार्या ऋचा यादव ने किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बड़ी तन्मयता से प्रतिभाग किया गया। बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेकर यथोचित सम्मान प्राप्त किया। शिक्षकों ने दयानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# नकल में दोषी मिले तो एक करोड़ रुपये तक हो सकता जुर्माना: एसपी

## भविष्य में परीक्षाओं से वंचित हो सकते हैं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेंगी। इसको लेकर एसपी विनोद कुमार ने कहा कि परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने या उसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर अधिकतम 01 करोड़ रुपये तक का जुर्माना एवं तीन वर्ष तक का कारावास हो सकता है। साथ ही संबंधित अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है व भविष्य की परीक्षाओं से वंचित भी किया जा सकता है।

गुरुवार को तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के एलटी थ्री सभागार में बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 को सख्ती से लागू किया है। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा में लगे सभी अधिकारी व कर्मी इम्तिहान शुरू होने के 01 घंटे पूर्व ही केंद्र पर पहुंचेंगे। तीनों जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि यदि कोई पेपर लीक एवं परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। परीक्षा की गोपनीय सामग्री को विद्यालय के स्ट्रांग रूम की चार अलमारियों में रखने, निकालने, परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र खुलने से लेकर उत्तर पुस्तिकाएं जमा होने तक की प्रक्रिया की निगरानी सीसीटीवी कैमरे करेंगे। मुख्य द्वार पर सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिलेगा। छात्राओं की तलाशी महिला कर्मिक लेंगी। इस मौके पर डीआईओएस पप्पू सरोज, पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय उपस्थित रहे।


बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की बैठक में मौजूद अधिकारी व केंद्र व्यवस्थापक।

### आंकड़ों में जानिए परीक्षा

- बताया गया है कि जनपद में कुल 96 परीक्षा केंद्रों बनाए गए हैं। 03 जोनल मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 96 केंद्र व्यवस्थापक, 96 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं 96 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। हाईस्कूल के 25,058 एवं इंटरमीडिएट के 22,447 अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में संपन्न होंगी।

# जरारा में सत्संगियों ने की दस दिन तक अखंड साधना

**छिबरामऊ।** परम संत बाबा उमाकांतजी महाराज के अनुयायियों ने क्षेत्र के ग्राम जरारा में दस दिन लगातार अखंड साधना की। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बाबा जयगुरूदेव से जुड़े तमाम अनुयायियों ने भाग लिया।

काल व्याल से वही बचे, जो गुरू का ध्यान धरे की तर्ज पर परम संत बाबा उमाकांतजी महाराज के अनुयायियों ने 2 से 12 फरवरी तक लगातार अखंड साधना की। गुरुवार को समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सीएसबी रोड पर दोनों तरफ स्टाल लगाकर राहगीरों में भी प्रसाद बांटा गया।

इस दौरान कानपुर मंडल प्रभारी राजवीर उपाध्याय, शशिभान सिंह रोकडिया, रजनीश यादव, रणविजय राणा, हरिनाम सिंह, त्रिमोहन, अतुल यादव, विष्णु कुमार, अतुल यादव, दिनेश सविता, बलराम यादव, रमाकांत दीक्षित एडवोकेट, गौरव चतुर्वेदी एडवोकेट एवं आनंद दुबे एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।


सत्संग में मौजूद सत्संगी। अमृत विचार

# 5 लेखपाल, 25 पंचायत सहायकों ने नहीं बनाई आईडी

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बैठक में कहा कि फार्मर रजिस्ट्री अभियान से प्रत्येक ग्राम में किसानों का आधारकार्ड, खतौनी से जोड़ने का कार्य हो रहा है। जनपद के समस्त राजस्व ग्राम में कुल 615 कर्मचारी लगे हैं । 05 राजस्व लेखपाल, 25 पंचायत सहायक एवं 08 रोजगार सेवकों ने एक भी फार्मर आईडी नहीं बनाई है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई है। निर्देश दिए हैं कि यदि एक सप्ताह के भीतर फार्मर आईडी नहीं बनाई गई तो आउटसोर्स/ संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त की जाएगी। रेगुलर कार्मिकों को निलंबित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि 02 दिवस में सभी ग्रामों में फार्मर आईडी बनाई जाएं। लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश को निर्देशित किया गया। साथ ही उप कृषि निदेशक संतोष कुमार से साप्ताहिक रिपोर्ट मांगी है। संबंधित कार्मियों को फिर से प्रशिक्षण देने को कहा है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सहसा जगदीशपुर गांव के पास गुरुवार सुबह करीब 8 बजे रेलवे ट्रैक पर लगभग 19 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नवाबगंज थाना पुलिस और रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पहली नजर में पुलिस इसको आत्महत्या का मामला मान रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शमशाबाद रेलवे स्टेशन के निकट सहसा जगदीशपुर गांव से गुजरने वाली डाउन लाइन पर पोल संख्या 157/19 और 157/18 के बीच टॉवर वैन चालक ने ट्रैक पर युवक का शव पड़ा देखा। उसने तत्काल इसकी सूचना कायमगंज स्टेशन को दी, जहां से सूचना शमशाबाद स्टेशन मास्टर को प्रेषित की गई। स्टेशन मास्टर ने तत्काल रेलवे मेट सुरेंद्र को मौके पर भेजा।

रेलवे मेट सुरेंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि युवक का सिर बुरी तरह फटा हुआ था और शरीर के अंग ट्रैक पर बिखरे पड़े थे। शव के पास एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ, ।शमशाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा बरामद मोबाइल फोन को चार्ज कर चालू किया, जिसके आधार पर और मृतक के हाथ पर लिखे नाम से उसकी पहचान गिरजा शंकर पुत्र भगवान दास निवासी नगला हीरासिंह के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बार एसोसिएशन चुनाव: अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी आजमा रहे किस्मत

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें चार प्रत्याशी पूर्व में अध्यक्ष रह चुके हैं। महासचिव पद पर भी पांच प्रत्याशी मैदान में हैं।

अध्यक्ष पद के लिए चार पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह बैस, रामचंद्र मिश्रा व शिवनाथ सिंह यादव के अलावा एक अन्य किशुनदत्त वर्मा मैदान में हैं। वहीं महासचिव के लिए पूर्व महासचिव पंकज मिश्रा के अलावा अजीतप्रताप सिंह, घनश्याम सिंह, रजनीश कुमार यादव व रामप्रकाश मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए फहीमजमां खां, संजीव कुमार दुबे व श्याम सिंह भारती के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष प्रथम के दो पदों के लिए गौरव कुमार, दिनेशचंद्र यादव, विनीत त्रिपाठी व शिवप्रकाश यादव दावेदार हैं। संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर नरेंद्र सिंह शाक्य और अंकित कुमार यादव के बीच मुकाबला होगा, जबकि संयुक्त सचिव प्रसारण के पद पर अमित कुमार राजपूत और विशाल दुबे में चुनाव होगा। कोषाध्यक्ष के लिए अंजू पटेल, विमलेश कुमार और संजय मिश्रा मैदान में हैं। प्रशासनिक सदस्य कनिष्ठ के छह पदों के लिए 10 प्रत्याशी सचिन बौद्ध, संजीव यादव, रणजीत सिंह, अवनीश वर्मा, ललित दुबे, वेदराम, सुखेंद्र सिंह, अनीस, वेदमती व शहनूर अहमद के बीच मुकाबला हो रहा है।


वोटिंग के लिए प्रचार करते प्रत्याशी। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की गई जान

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा
- वृद्ध शादी समारोह से अपने घर वापस जा रहे थे

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई। दुर्घटना ठठिया थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गुरुवार को उन्नाव जनपद के थाना बांगरमऊ के नसरापुर निवासी महिपाल सिंह (65) इंदरगढ़ से अपनी बाइक से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे होते हुए अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह ठठिया थाना क्षेत्र में 200 किलोमीटर के पास पहुंचे उसी समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना परमौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मचारियों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मिले कागजातों के आधार पर पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष देवेश पाल ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के अनुसार, महिपाल एक शादी समारोह से वापस अपने घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# भईयन की आवाज पर एकजुट गंगापार के लोगों ने तटबंध बनाने की भरी हुंकार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बाढ़ से निजात पाने के लिए गंगा के दोनों ओर तटबंध बनाने की भईयन मिश्रा की मांग पर गंगापार ने मुहर लगा दी। एकजुट गंगापार ने तटबंध बनाने की हुंकार भरी है। कड़हर से विशाल जन चेतना पदयात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि पांचाल घाट से कड़हर तक तथा ढाई घाट से अटेना घाट तक तटबंध निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से शासन-प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मजबूर होकर हजारों लोगों को सडक़ों पर उतरना पड़ा है। यदि शीघ्र तटबंध निर्माण की घोषणा नहीं की गई तो किसान आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

समाजसेवी मोहन अग्रवाल, समाजसेवी केशव भान साध, राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे, पूर्व प्रधान अखिलेश तिवारी ने भी संबोधित किया। पदयात्रा में राजीव प्रताप सिंह 'टिल्लू', उपेंद्र सिंह यादव, रामवीर शुक्ला, कमलेश पाठक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा, अखिलेश तोमर, विपिन तिवारी, अनूप मिश्रा, शरद अग्निहोत्री, राजा मिश्रा, पंकज राठौर, निश्चित दुबे, विष्णु मिश्रा, हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी, मानवाधिकार जिला अध्यक्ष सावन मिश्रा, निषाद सभा के जिला अध्यक्ष अनिल कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।


पदयात्रा में शामिल भईयन मिश्रा व अन्य लोग। अमृत विचार

# कर्बला में कब्र क्षतिग्रस्त कर जलाए ताजिया

**फर्रुखाबाद।** बुधवार रात्रि कर्बला में कब्रों को क्षतिग्रस्त कर ताजियों में आग लगाए जाने से अल्पसंख्यकों में रोष व्याप्त हो गया।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र स्थित कर्बला की देखरेख करने वाले शरीफ हुसैन रिजवी ने पत्रकारों को बताया कि मुझे सुबह फोन पर जानकारी दी गई कि ताजियों में आग लगाई गई है। उन्होंने बताया कि मैं नौ बजे कर्बला पहुंच गया, उस समय अगले हिस्से में आग जल रही थी पीछे लगी आग बुझ चुकी थी। मैंने तुरंत ही थाना मऊदरवाजा एसडीएम सदर एवं सिटी में मजिस्ट्रेट को फोन कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी अराजक तत्व ने माहौल ख़राब करने के लिए गलत हरकत की है, ऐसे लोगों का कोई धर्म नहीं होता है। कर्बला से कोई आमदनी न होने तथा कोई कमरा न होने के कारण रात में देखभाल करने के लिए चौकीदार नहीं रखा जा सकता है।

# जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं , होगी कार्रवाई :डीएम

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को बढ़पुर ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पंचायत सचिव ग्राम पंचायतों में जाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय से पूर्ण करें। फार्मर रजिस्ट्री में खराब कार्य करने वाले 03 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना एवं राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शत-प्रतिशत उपभोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी।

**आयोजन** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने अंतर संकाय स्तर पर टूर्नामेंट कराये जाने की घोषणा की

# विधि संकाय में 'दद्दू जी स्पोर्ट्स वीक' का शुभारंभ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के विधि संकाय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता दद्दू जी स्पोर्ट्स वीक का शुभारंभ कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव तथा प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर किया।

कृष्णा वाटिका परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल सिंह, कुलपति डॉ. अनिल कुमार चौहान, कुलसचिव रणजीत यादव तथा संकाय के डीन डॉ. राजपाल सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर खेल सप्ताह का औपचारिक उद्घाटन किया।इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने घोषणा की कि सभी संकायों में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन के पश्चात अंतर-संकाय स्तर पर संयुक्त टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का व्यापक मंच मिलेगा। चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढक़र भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं।

प्रति कुलाधिपति डॉ. अंचल सिंह ने खिलाडियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। पहले दिन हुए हुई प्रतियोगिताओं में जमकर पसीना बहाया।

वॉलीबाल, रस्साकशी, लेमन रेस, दौड़, क्रिकेट की प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुईं। कुलसचिव रणजीत यादव, विधि संकाय के डीन डॉ राजपाल सिंह, डॉ अजीत कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ. भारती, डॉ उदित अग्निहोत्री, डॉ. रेनू राजपूत, सिद्धार्थ सिंह, रामचन्द्र, मोहित, शैली बब्बर, अंशिका यादव, निधि चौहान सुमन यादव आदि भी मौजूद रहे।



दद्दू जी स्पोर्ट्स वीक' के शुभारंभ पर बोलते डॉ . अनार सिंह यादव साथ में अन्य लोग।

# बोलेरो से कुचलकर बैंडकर्मी की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खुदागंज में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने दो बैंड कर्मियों को रौंद दिया, जिससे एक नाबालिग बैंक कर्मचारी की मौत हो गयी और उसका साथी घायल हो गया।

फर्रुखाबाद निवासी गौतम और रजित न्यू विशाल बैंड में लाइटिंग का काम करते थे। शनिवार शाम को दोनों गुरसहायगंज में एक बारात में लाइटिंग का काम करने के लिए जा रहे थे। रात्रि करीब 11 बजे खुदागंज के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने गौतम को मृत घोषित कर दिया। वहीं रजित की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार उसके पैर में फ्रैक्चर है ।

**सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ताऊ जी श्री बेनीराम उर्फ बेनीमाधव पंत पुत्र स्व भौनदत्त उर्फ भवानी दत्त पंत, पूर्व पता 114 ए, आई आई टी कैंपस कानपुर, वर्तमान पता U-4, SBRA आई.आई.टी. कैंपस, कल्याणपुर कानपुर सन् 2004 में लापता हो गए थे, जिनका वापस होने का इंतजार हम लोग आज तक कर रहें हैं, जिस किसी को भी इनके बारे में पता चले तो कृपया निम्न पते पर अवगत करें। फोटो चस्पा है । **जिसके संदर्भ में डीएम ऑफिस से सिविल डेथ डिक्लेरेशन की कार्यवाही हेतु ये सूचना जारी की जारी है।**

निवेदक
गिरीश चंद्र पंत(गिरीश पंत)
U-4, SBRA आई.आई.टी
कानपुर 208016
Mo:–8528025847
Email: gpant@iitk.ac.in

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**बिधूना, औरैया।** क्षेत्र में नलकूपों के ट्रांसफार्मर से कीमती सामान तेल एवं केबिल आदि की चोरी की घटनाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। बुधवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने आशीष कुमार पुत्र कैलाश सिंह के नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर का कीमती सामान तेल आदि चोरी कर लिया जबकि नौगुआं निवासी रोहिताश चंद पुत्र चंदन लाल के नलकूप पर लगी लगभग 50 मीटर केबल काट कर चोरी कर ली गई है। बुधवार की रात्रि में ही रूपपुर निवासी गोविंद प्रताप सिंह कुशवाह के नलकूप पर लगी केबल भी अज्ञात चोरों के द्वारा काट कर चोरी कर ली गई है। पीड़ित किसानों के द्वारा कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित तहरीर दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चैहान ने पीड़ित किसानों को घटनाओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सड़क पर दिखा 12 फीट लंबा अजगर

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बा क्षेत्र में सैफई–रूरा मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब निचली गंग नहर के पास बनी सड़क पर करीब 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देख राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार दिबियापुर से अपने घर लौट रहे कार सवार युवकों ने अचानक सड़क पर विशाल अजगर को रेंगते हुए देखा। अजगर सड़क के बीचों–बीच होने के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई और दोनों ओर कुछ देर के लिए वाहन रुक गए। कार सवार एक युवक ने वाहन से उतरकर अजगर का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अजगर धीरे–धीरे सड़क पार कर रहा है। कुछ मिनट बाद अजगर नहर किनारे बनी झाड़ियों की ओर बढ़ गया, तब जाकर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। स्थानीय प्रदीप कुमार का कहना है कि नहर और झाड़ियों वाले क्षेत्रों में अक्सर सांप निकलते रहते हैं, लेकिन इतने बड़े अजगर का सड़क पर दिखना दुर्लभ है।

### वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दिबियापुर, औरैया।** फफूंद रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं ने कश्मीरी लोकनृत्य, राजस्थानी लोकनृत्य सहित अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आंखों के सामने पत्नी की मौत होते देख बिलखा पति

# गिट्टी लदे डंपर की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता अयाना

**अमृत विचार।** मुढ़ी करपुर मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने पैदल जा रही महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


रिंकी देवी


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

अयाना थाना क्षेत्र के प्यागपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ औरैया में रहते हैं। 10 फरवरी को बहन राधा की शादी में शामिल होने के लिए वह परिवार के पास गांव आया था। गुरुवार सुबह 7:30 बजे के करीब वह पत्नी रिंकी देवी (32) के साथ औरैया जा रहा था। ऑटो लेने के लिए वह दोनों करमपुर तक पैदल जा रहे थे। मुढ़ी- करमपुर मार्ग पर मुढ़ी रसूलपुर हुलासराय निवासी तेज सिंह व नवीन के खेत के सामने पहुंचने पर आगे चल रही पत्नी को करमपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसने स्थानीय लोगों की मदद से डंपर चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया। आंखों के सामने पत्नी की मौत होने से सुरेंद्र बदहवास हो गया। बेटे प्रिंस व ऋषभ भी रोने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन की है। अयाना थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गिरफ्तार चालक से पूछताछ की जा रही है। मामले में तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### वंदे भारत की चपेट में आकर शिक्षक की मौत

**दिबियापुर, औरैया।** फफूंद रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर शाम एक हृदयविदारक हादसा हुआ, जिसमें 40 वर्षीय सहायक अध्यापक विवेक गुप्ता की वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। विवेक गुप्ता नेहरू नगर (भाग्यनगर) के निवासी थे और वे भाग्यनगर के किसान इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वे वेदप्रकाश गुप्ता के पुत्र थे, जो पूर्व में इसी कॉलेज के प्रधानाचार्य रह चुके हैं। परिवार के अनुसार, विवेक गुप्ता दो दिन पहले ही कानपुर से शुगर की दवा लेकर लौटे थे। बुधवार को उन्होंने स्कूल में 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा से संबंधित कार्य भी निपटाए। देर शाम वे स्वास्थ्य लाभ के लिए फफूंद स्टेशन पर टहलने निकले थे। उसी दौरान दिल्ली से कानपुर की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस स्टेशन से गुजरी। ट्रेन की तेज रफ्तार और उत्पन्न हवा के दबाव से विवेक गुप्ता का संतुलन बिगड़ गया और वे ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, अजीतमल, औरैया


घटनास्थल पर मामले की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुरादगंज चौकी क्षेत्र के जलूपुर गांव में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। यहां 32 वर्षीय विवाहित महिला रेखा ने गुरुवार सुबह अपने घर के अंदर बांस की बल्ली से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से तीन मासूम बच्चों—दिव्यांशी (8 वर्ष), देवेश (6 वर्ष) और निधि (3 वर्ष)—के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया।


रेखा।

रेखा संजय उर्फ संजू राठौर की पत्नी थीं। संजय पेशे से ट्रक चालक हैं और घटना के समय काम के सिलसिले में गुवाहाटी गए हुए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 9 बजे रेखा ने घर के अंदर कमरे में फंदा लगा लिया। उस समय बच्चे बाहर खेल रहे थे। कुछ देर बाद जब बच्चे कमरे में पहुंचे तो उन्होंने अपनी मां को फंदे से लटकता देखा। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी और मुरादगंज चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा, पंचनामा भरकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

- **तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया, पति गुवाहाटी गए थे**

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है। मृतका के मायके और अन्य पक्षों को सूचित कर दिया गया है। सभी पहलुओं पर ध्यान रखते हुए मामला दर्ज कर जांच जारी है। यह घटना इलाके में सुसाइड के बढ़ते मामलों पर सवाल खड़े कर रही है। पुलिस मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक कलह या अन्य किसी दबाव की जांच कर रही है। ग्रामीणों में इस घटना से गहरा मातम छाया हुआ है।

# नागिन बनने का ढोंग कर प्रेमी संग भागी युवती

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के ग्राम सींगनपुर में पिछले दिनों 'नागिन बनने' की जिस चर्चा ने पूरे इलाके में सनसनी फैलाई थी, उसका सच अब सामने आ गया है। गायब हुई 21 वर्षीय युवती ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर खुलासा किया है कि वह अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ गई है और दोनों ने विवाह कर लिया है। मामला तब शुरू हुआ जब युवती घर से अचानक लापता हो गई। जाते समय उसने बड़ी चालाकी से अपने कपड़ों में सांप की केंचुली लपेटकर बिस्तर पर रख दी थी।

सुबह जब परिजनों ने बिस्तर पर केंचुली देखी, तो गांव में यह अफवाह फैल गई कि युवती 'नागिन' बनकर कहीं चली गई है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अब युवती ने सोशल मीडिया पर प्रकट होकर पूरे मामले से पर्दा उठा दिया है। वीडियो में उसने स्पष्ट कहा कि उसने अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ घर छोड़ा है और अब वे पति-पत्नी हैं। उसने पुलिस और प्रशासन से अपील की है कि उसके प्रेमी और उसके परिजनों को बेवजह परेशान न किया जाए। दूसरी ओर युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज किया है। पिता ने गांव के ही एक युवक पर संदेह जताया है। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन टीमों का गठन किया गया है। सर्विलांस टीम इंस्टाग्राम आईडी के जरिए लोकेशन ट्रेस कर रही है। जल्द ही युवती को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

- **इंस्टाग्राम पर वीडियो डाल खोला राज**

# स्पोर्ट्स फॉर स्कूल जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग स्पोर्ट्स फॉर स्कूल जनपद स्तरीय समेकित खेलकूद एवं सांस्कृतिक जनपदीय प्रतियोगिता का आयोजन सुन्दर सिंह इंटर कॉलेज रामगढ़ के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार रजक के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

खेल प्रतियोगिता में दिव्यांग में रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर, कला, नृत्य, गायन माध्यमिक विद्यालयीय में सौ मीटर, 200 मीटर, 1500 मीटर, गोला फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य व कार्यक्रम संयोजक जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक दीपक दुबे द्वारा विजई प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग 1500 दौड़ में काजल शाक्य ने पहला, गोमती दूसरा, पलक ने तीसरा, जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में धीरज ने पहला, शिखर दूसरा, हर्षित तीसरा, जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में नव्या बरौनकला ने पहला, सोनी रामगढ़ दूसरा, पलक रामगढ़ ने हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भूपदीप सिंह, सत्य प्रकाश, पंकज पवन नायक, हीरालाल ने निभाई संचालन मोहित यादव ने किया।

इस अवसर पर सुनील कुमार, जितेन्द्र पाल, अजेश कुमार, रावेंद्र कुमार, रजनीश, विवेक कटियार, आदि मौजूद रहे।


विजयी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित करते विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार रजक। अमृत विचार

**1500** मीटर दौड़ में काजल शाक्य ने जीता गोल्ड

# किसानों का सिर दर्द बन रहे आवारा पशु

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** ब्लॉक भाग्यनगर के केशमपुर, भर्रापुर, जुआ, फूटे ताल आदि गांव में लगातार आवारा पशुओं की तादाद बढ़ती जा रही है। जिसे लेकर किसान सबसे ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं।

किसान रखवाली करते-करते थके जा रहे हैं। मगर, आवारा पशुओं की चहल कदमी बंद होने का नाम नहीं ले रही है। किसान हरिराम कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, ओमप्रकाश, विशाल, लाल सिंह, कैलाश, प्रकाश पाल, भूरे दूधिया, शमशाद अली, नरेश शर्मा आदि किसानों ने बताया है कि किसान खेतों की कब तक रखवाली करेगा। न दिन में चैन है, न रात को चैन है। जब देखो तब आवारा पशु कहीं न कहीं से चोरी छुपे खेतों में घुस आते हैं और फसल चरने लगते हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया जाए, ताकि किसान को खेतों की रखवाली न करना पड़े।


खेतों में विचरण करते मवेशी। अमृत विचार

# पुलिस ने चार अंतरजनपदीय चोरों को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** थाना दिबियापुर व एसओजी टीम ने चार अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है।

एसपी अभिषेक भारती ने बताया कि 3 फरवरी को वादी विकास बाबू निवासी बक्सर खुर्द द्वारा थाना दिबियापुर में सूचना दी गई थी कि बाल विकास ज्ञान मंदिर जूनियर हाईस्कूल में अज्ञात चोरों ने चोरी की है। इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 12 फरवरी को ग्राम ककुरिया रोड के पास चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

पूछताछ के दौरान उनके कब्जे से चोरी का सामान और अवैध असलहा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3,145 रुपये नकद, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक बाइक, एक ऑटो रिक्शा, गैस सिलेंडर, एलईडी टीवी, स्पीकर, बैटरी सहित बड़ी मात्रा में किराना व घरेलू सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रेकी कर स्कूलों व दुकानों में चोरी करते थे। 3 फरवरी को स्कूल में चोरी करने के बाद कुछ सामान अपने पास रखा और शेष सामान जंगल में छिपा दिया था।

- **चोरी का माल व अवैध असलहा बरामद**

उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

## दो गुमशुदा बहनें सकुशल बरामद

**बेला, औरैया।** गुमशुदा/अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बेला पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। दो नाबालिग बहनों को सकुशल बरामद कर लिया।

बरामद किए गए बच्चों में एक 14 वर्षीय किशोरी तथा एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची शामिल है। पुलिस टीम ने दोनों बच्चों को उनकी दादी वसंती पत्नी स्व. कमल सिंह यादव निवासी मंडी रोड बेला मूल निवासी ग्राम हरदू के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की तत्परता से बच्चों के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया।

# सिरयावा में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** ब्रहस्पतिवार को हरदू मंडल के गांव सिरयावा में हिंदुत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरएसएस पदाधिकारियों व हिन्दू समाज के लोगों में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रकाश त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के प्रान्त संयोजक मुनीश जी व विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार, प्रेमजीत सिंह, मोहित पाठक, शीलू श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्रा, डॉ सुरेश प्रजापति समेत करीब एक सैकड़ा हिन्दू समाज के लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में हिंदू एकता और सेवा के संकल्प पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन जे पी त्रिवेदी ने किया।


हिन्दू सम्मेलन के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनकहरी वि०ख० सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक: मेमो/ मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025–26 दिनांक: 11/02 /2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें **दिनांक** 19.02.2026 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत मनकहरी वि0ख0 सरीला** में आमन्त्रित की जाती है। जो **दिनांक** 12.02.2026 से **दिनांक** 19.02.2026 तक बेची जाएगी तथा **दिनांक** 19.02.2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी. तथा **दिनांक** 19.02.2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर **कार्यालय ग्राम पंचायत मनकहरी वि0ख0 सरीला** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य + टी.टी | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | सोलिंग कार्य महाराज सिंह के खेत से कैलाश के खेत तक | 655962 | 13119 | 450+81 | 3 माह | |
| 2 | | सोलिंग कार्य मुन्ना के खेत से भूरा के खेत तक | 655962 | 13119 | 450+81 | 3 माह | |
| 3 | | सी0सी0नि0 वीर सिंह के मकान से बैजनाथ के मकान तक | 250659 | 5013 | 250+45 | 3 माह | |
| 4 | | पक्का नाला नि0 लाखन के खेत से पुराने नाला तक | 363204 | 7264 | 250+45 | 3 माह | |

**अन्य शर्ते-** 1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**ग्राम पंचायत -मनकहरी**
**वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)**


निरीक्षण | सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# बरौनाकला गौशाला में अव्यवस्था देख बिफरे जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बरौनाकला में संचालित गौशाला का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि गौशाला चौहद्दी संरक्षित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए की गौशाला में किसी भी अन्य पशु का प्रवेश न हो सके। जिलाधिकारी ने गौवंशों को दिए जा रहे चारे में हरा चारा न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जब शासन द्वारा गौशाला में संरक्षित गौवंशों के पालन हेतु धनराशि दी जाती है तो उसका उपयोग गौवंशों के लिए क्यों नहीं किया जाता है। जिलाधिकारी ने गौवंशों के पानी पीने हेतु बनाई गई व्यवस्था की ऊंचाई अधिक होने पर उसे सही कराए जाने तथा गौवंशों को पीने हेतु शुद्ध जल उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौशाला में साफ-सफाई न होने, गौवंशों हेतु पेयजल की व्यवस्था न होने पर सचिव राजू सेंगर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।


निरीक्षण करते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने ग्राम में पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा जहां ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि इंटर कॉलेज के पीछे जल भराव के कारण छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आमजन को आवागमन में असुविधा होती है जिसका जिलाधिकारी द्वारा स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के उपरांत उन्होंने संबंधित लेखपाल को निर्देश दिए कि जल निकासी हेतु नाली का निर्माण कराए जाने हेतु ग्राम सभा की तरफ से प्रस्ताव भेजा जाए और नाली का समायोजन ग्राम के तालाब से किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा मार्ग पर कुछ व्यक्तियों द्वारा खूंटा गाड़कर अपने पशु बांधने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लेखपाल को निर्देश दिए गए कि लिखित रूप से संबंधितों को नोटिस जारी करते हुए मार्ग से अतिक्रमण हटवाएं तथा पुनः अतिक्रमण होने पर विधिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने जनता विद्यालय इंटर कॉलेज पहुंचकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सुनवाई, लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी करते हुए प्रत्येक नवयुवा का फार्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर तथा भवनों को देखकर विद्यालय प्रबंध समिति से प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत प्रस्ताव भेजे जाने की अपेक्षा व्यक्त की। ग्रामीणों द्वारा सफाई कर्मी की तैनाती न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि 02 सफाई कर्मियों की तत्काल नियुक्ति करते हुए उन्हें कल से कार्य करने हेतु निर्देशित किया जाए। साथ ही उन्होंने अनुपस्थित पंचायत सहायक पूनम यादव की शादी हो जाने के कारण हटाए जाने तथा नए पंचायत सहायक की नियुक्ति किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

- **एक सप्ताह में ग्राम स्तरीय मंडी तथा गौशाला की चौहद्दी संरक्षित करने हेतु करें आवश्यक प्रबंध**

## न्यूज ब्रीफ

### महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बिवांर।** बिष्णु महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ वेदी की परिक्रमा करने महिलाओं की भीड़ उमड़ी। वहीं भागवताचार्य ने माखन चोरी का वर्णन किया। महर्षि दयालदास बाबा मंदिर परिसर में यज्ञ वेदी की परिक्रमा करने महिलाएं आईं। वेदी की परिक्रमा कर प्रसाद चढ़ाकर मिन्नत आरजू की। भागवताचार्य देवी प्रत्यार्चा ने बताया कि भगवान कृष्ण बहुत चंचल स्वभाव के थे अपने मित्रों की टोली के साथ घर घर जाकर माखन चोरी कर अपने मित्रों को खिलाया करते थे। माखन दिनों दिन गायब होता देख गोपियों ने एक दिन पूरी टोली को पकड़ लिया। तभी से लोग प्रभु को माखन चोर कहकर पुकारने लगे। भागवत कथा सुनने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र रही।

### प्रशिक्षण देकर हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**मौदहा।** हज 2026 यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक जनपद के कुल 37 हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण हुआ। जिला हज ट्रेनर हाजी जहांगीर मोहम्मद ने बताया कि टीकाकरण को लेकर सीएचसी के डाक्टरों के पैनल ने टीकाकरण किया। वहीं बांदा से आए हाजी आरिफ खान और जिला हज ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें कुल 37 में 35 हाजी उपस्थित हुए। इस दौरान मास्टर नसीम आलम, मुफ्ती सलमान मिस्बाही एवं सीएचसी अधीक्षक डॉ रजत रंजन तिवारी, डॉ अलीम खान, डॉ शानिब शाहिद उपस्थित रहे।

### सास के साथ मारपीट कर बहू फरार

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा खेड़ा गांव में एक महिला ने अपनी सास के साथ गाली गलौज कर मारपीट की और घर से जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गई। लापता हुई महिला के पति ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बा खेड़ा निवासी करन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर उसकी पत्नी ने उसकी गैर मौजूदगी में मां के साथ गाली गलौज कर पिटाई कर दी। घर में रखे जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गई है। उसे सभी संभावित स्थानों पर खोजने का प्रयास किया लेकिन पता नहीं चल रहा है। इस मामले में कोतवाल ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जायेगी।

### हिन्दू समाज को एकजुट होकर सनातन संस्कृति बढ़ाने की आवश्यकता

**मौदहा (हमीरपुर)।** हिन्दू जगेगा, देश जगेगा को लेकर संघ की शताब्दी वर्ष नगर की दुर्गा बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में हुआ। अध्यक्ष चित्रकूट के महन्त रामहृदय दास महाराज एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक मुकेश रहे। भजन मंडली ने आकर्षक भजन व सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बड़ी संख्या में मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक मुकेश ने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट होकर सनातन संस्कृति को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। कहा सनातन संस्कृति ही हमारे देश की मूल संस्कृति है। संचालन स्तुति सिंह ने किया। अध्यक्ष महंत रामहृदय दास महाराज ने हिन्दू समाज को एकजुट होकर रहने का आह्वान किया। समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। इस मौके पर अनिल द्विवेदी, बसन्त सोनी, मेजर परशुराम श्रीवास, मातृशक्ति शकुंतला निषाद, साधना सिंह सहित हजारों की संख्या में हिन्दू समाज एकत्र हुआ।

# दो नदियों पर सेतु, सुमेरपुर में सीएचसी व रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति।

- सदर विधायक ने जनपद के कई प्रमुख मुद्दों पर सदन का ध्यान आकृष्ट किया


**अमृत विचार।** सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने विधानसभा में क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्य रूप से सात मुद्दों पर सदन का ध्यान आकृष्ट किया। इसमें उन्होंने बेतवा व केन नदियों पर पुल निर्माण, सुमेरपुर कस्बे में पीएचसी के स्थान पर सीएचसी, रेलवे लाइन पर ओवर ब्रिज, सिसोलर को ब्लाक बनाए जाने जैसे मुद्दे उठाए।

सदर विधायक ने नियम 136 के तहत सदन का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने जिले में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। कहा 92 करोड़ से मोराकांदर गांव में बेतवा नदी पर पुल का निर्माण हो रहा है। कानपुर कबरई तक 57 करोड़ से ग्रीन हाईवे बन रहा है। वहीं कानपुर कबरई टूलेन हाईवे को फोरलेन कर दिया जाए तो रोजाना होने वाली घटनाओं से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने प्रस्तावित मेडिकल कालेज निर्माण का जिक्र किया। जिसके निर्माण कराए जाने की बात कही। कहा कि जिले में चंद्रावल नदी 68 किमी है। इसको जिले के प्रशासन ने जीवंत करने का काम किया है। विधायक ने बेरी गांव के निकट पुल निर्माण की बात कही। साथ ही केन नदी पर भुलसी गांव के निकट सेतु निर्माण की मांग की। कहा इन पुलों के बनने से करीब 50 किमी दूरी कम हो जाएगी। सदर विधायक ने सदन में कहा सुमेरपुर कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्थान पर सीएचसी निर्माण कराया जाए। साथ ही कानपुर बांदा रेल लाइन पर ओवर ब्रिज निर्माण कराए जाने से जाम की हो रही समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुम्हार, निषाद सहित अन्य जातियों के साथ कांग्रेस ने ज्यादती की। इसके चलते उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इन जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी कराए जाने की बात कही। साथ ही चंद्रावल नदी पर एक लघुसेतु निर्माण की मांग सदन में उठाई। उन्होंने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) से बनाए जाने वाले मेडिकल कॉलेज की बात उठाई। कहा अगर कोई प्राइवेट कंपनी इसे नहीं ले रही है तो सरकार की ओर से निर्माण कराया जाए।

## महोबा में खनिज यूनिवर्सिटी की एमएलसी ने उठाई मांग

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान नियम 115 के तहत एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने उप्र सरकार द्वारा हर जिले में एक यूनिवर्सिटी बनाए जाने की सहमति प्रदान की है। इसको लेकर एमएलसी ने जनपद महोबा के अंतर्गत वन डिस्ट्रिक एवं वन यूनिवर्सिटी में खनिज न्यास के धन से खनिज यूनिवर्सिटी की स्थापना कराई जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि महोबा शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। जिसके कारण प्रदेश के अन्य जनपदों की अपेक्षा संसाधनों से पिछड़ा है। जिससे महोबा का विकास नहीं हो पा रहा है। जनपद खनिज बाहुल्य जिला है। जहां से


सदन में यूनिवर्सिटी की मांग उठाते एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर।

करोड़ों रुपये का वार्षिक राजस्व जाता है। जनता को रोजगार की दृष्टिगत से खनिज न्यास के धन से खनिज यूनिवर्सिटी की स्थापना की मांग की। सदन में सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेंद्र सिंह ने शासन को आवश्यक कार्रवाई को निर्देशित किया। वहीं एमएलसी ने चरखारी कस्बे में दीनदयाल पार्क बस स्टैंड से रायनपुर तक तीन किमी सीसी सड़क की मांग सदन में रखी। वहीं नियम 110 के तहत पर्यटन नगरी चरखारी नगर पालिका क्षेत्र में पं दीनदयाल उपाध्याय पार्क तिराहा से वाया बस स्टैंड, मुख्य बाजार से वार्ड रायनपुर तक सड़क निर्माण लगभग तीन किमी जो पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है क्षेत्र वासियों एवं स्थानीय लोगों आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से अविलंब शासन स्तर पर धनराशि स्वीकृत प्रदान कर अवमुक्त कराने की मांग सदन में उठाई।

## किसानों को वितरित किए सोलर लाइट व येलो स्ट्रीकी ट्रैप

**मौदहा (हमीरपुर)।** खेती की लागत कम करने और रसायनों के घातक प्रभाव से फसलों को बचाने की दिशा में कृषि विभाग ने एक सराहनीय कदम उठाया है। गुरुवार को राजकीय कृषि बीज भंडार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को सोलर लाइट ट्रैप और येलो स्ट्रीकी ट्रैप वितरित किए गए। इन उपकरणों की मुख्य विशेषता यह है कि ये बिना किसी जहरीले कीटनाशक के इस्तेमाल के फसलों को कीटों से सुरक्षित रखते हैं। यह तकनीक न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि किसानों को रसायन मुक्त उत्पादन प्राप्त करने में भी मदद करती है। बताया खेत में लगाने से जैविक खेती करने का बढ़ावा मिलेगा इससे माहू और कीड़े से फसल को बचाने के लिए दवा का छिड़काव नहीं करना पड़ेगा और मेहनत और समय की भी बचत होगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान, साथी घायल

### खेत में फसल की रखवाली करने जाते समय हुआ हादसा, टीकापुर-डांडीपुर गांव का मामला

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** खेत की रखवाली करने जा रहे बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में कानपुर चिकित्सालय रेफर किया गया है।

थाना ललपुरा के टीकापुर डांडीपुर गांव निवासी 22 वर्षीय छोटू पुत्र कंधीलाल निषाद (30), अमित कुमार पुत्र शेरमा निषाद छानी गांव में खेत बटाई में लिए हैं। दोनों मित्र बुधवार रात करीब नौ बजे घर से खेत में फसल की जंगली जानवरों से रखवाली करने के लिए बाइक से जा रहे थे। दोनों जैसे ही छानी गांव से बजेहटा मोड़ के पास पहुंचे। तभी उसी दिशा से आ रहे ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। टक्कर से ट्रक के नीचे बाइक फंसकर कुछ दूर घिसटती चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने घायलों को छानी सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हमीरपुर ले जाते समय छोटू ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं अमित की हालत गंभीर होने पर सदर चिकित्सालय से कानपुर के उर्सला अस्पताल भेजा गया है। मृतक अविवाहित 6 भाइयों में सबसे छोटा था जो खेती-बाड़ी का कार्य कर परिवार के भरण पोषण में मदद करता था थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि ट्रक को लाकर थाने में खड़ा कर लिया गया है मृतक के परिजनों की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पलटा ई-रिक्शा, चालक की थम गईं सांसें

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना ललपुरा क्षेत्र में अनियंत्रित ई-रिक्शा पलट गया, जिससे चालक की मौत हो गई। परिजनों में मचा कोहराम। ललपुरा थाना क्षेत्र के मोराकादर गांव निवासी रामप्रकाश (55) पुत्र बाबादीन ई-रिक्शा में पांच सवारी लेकर हमीरपुर जा रहा था तभी राठ हाईवे पर पौथिया गांव में एक बकरी के आ जाने से रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ललपुरा निवासी महेश


घटना स्थल पर खड़ा ई-रिक्शा।

पुत्र रामस्नेही घायल हो गया। जबकि अन्य सवारियों को चोट न लगने पर अपने घर चली गई। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस

- रिक्शे पर सवार अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं

ने एम्बुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां ई-रिक्शा चालक रामप्रकाश को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महेश अपना उपचार कराने के बाद घर चला आया। मोराकांदर प्रधान प्रतिनिधि बदलू प्रसाद ने बताया कि मृतक रामप्रकाश ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## आमने-सामने भिड़े डंपर, दो ड्राइवर, एक खलासी घायल

**सुमेरपुर।** कस्बे में नेशनल हाईवे पर टॉकीज के पास दो डंपर आमने-सामने टकरा जाने से दो चालक एवं एक खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर एक चालक एवं हेल्पर को हैलेट भेजा गया। इन दोनों की हालत नाजुक है। बुधवार रात 10:30 बजे टॉकीज के पास हाईवे पर दो डंपर भिड़ने से एक की केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। चालक हेल्पर उसमें फंस गए। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि केबिन में फंसे चालक करण सिंह (30) निवासी चांदपुर फतेहपुर तथा खलासी पप्पू (25) निवासी कुम्हारनपुर चांदपुर फतेहपुर को तोड़कर बाहर निकाला गया। सदर अस्पताल से हालत गंभीर में दोनों को रात में ही हैलेट पहुंचाया गया। डंपर मालिक ने बताया कि पप्पू के दोनों पैर कटने की संभावना डॉक्टरों ने जताई है। चालक करण का एक पैर टूट गया है और सीने में अत्यधिक चोट होने से उसे सांस लेने में तकलीफ है। दोनों की हालत अभी गंभीर है। वहीं दूसरे डंपर के चालक मुख्तार की उपचार के बाद हालत में सुधार है। हाईवे पर एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।

# महिला कर्मी की गिरफ्तारी के बाद नाराज परिजन माने

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सिचौलीपुरवा में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा अपने निजी आवास पर संचालित अस्पताल में गलत इलाज के कारण ढाई वर्षीय मासूम की मौत के मामले लोगों में आक्रोश फैल गया। गिरफ्तारी की मांग को लेकर मासूम का अंतिम संस्कार करने से मना करने पर पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। तब कहीं जाकर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

उधर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों की तहरीर पर स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गुरुवार को स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब स्वाजनों ने आरोपी महिला की गिरफ्तारी न होने तक बच्चे का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय और कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने स्वाजनों को भरोसा दिया कि आरोपी को दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन स्वजनों ने अधिकारियों से स्पष्ट


पीड़ित परिजनों से बात करती पुलिस।

- सिचौलीपुरवा में स्वास्थ्य कर्मी ने निजी आवास में किया था उपचार

कह दिया कि जब तक गिरफ्तारी नही होगी वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जहां आश्वासन के बाद पुलिस महकमा सक्रिय हुआ और सुबह करीब 11:30 बजे आरोपी महिला उमा सिंह को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तारी की पुष्टि होने पर स्वजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। 12 बजे पुलिस की मौजूदगी में बच्चे के शव का अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 'मानव का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति होना चाहिए'

**मौदहा (हमीरपुर)।** भैसमरी गांव के अमृत सरोवर में श्रीमद भागवत कथा के विश्राम के बाद तीन दिवसीय संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें संत-महात्मा एवं विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे संत बच्चू दास महाराज ने कहा कि संत कृपा की अनुभूति अपने आपमें ही विशाल अर्थ लिए हुए है।

संत वह होते हैं जो अपना उद्धार तो करते ही है, सभी को सही मार्ग भी दिखाते हैं। भगवान की कृपा होने पर ही संत संग प्राप्त होता है। स्वामी आनंद ने कहा कि मानव का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति होना चाहिए, लेकिन हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। संतों के साथ सत्संग करने से ही हमारा कल्याण संभव है। राजेन्द्र देवाचार्य ने कहा कि गुरु के सानिध्य में जीवन का निर्वाह ही नहीं जीवन का निर्माण किया जाता है।


ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

## रामपुर में वकील की हत्या से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** रामपुर में बुधवार अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में बार एसो. मौदहा के अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा की। गुरुवार को बार एसोसिएशन मौदहा के अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर बताया की बीते 11 फरवरी को रामपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता फारूक खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिवक्ताओं ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मृतक अधिवक्ता फारूक खान के परिवार को 1.5 करोड़ की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। साथ ही सरकार से शीघ्र ही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किए जाने की मांग की है।

## भागवत कथा में शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाए गए

**मौदहा (हमीरपुर)।** सिसोलर के मजरा खदरा डेरा में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में गुरुवार को हरिद्वार से पधारी कथा वाचिका नीतम ज्योति शास्त्री ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाए।

कथा वाचिका ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि सातवें दिन तक्षक सर्प राजा को भस्म कर देगा।


प्रमाणपत्र के साथ विजेता खिलाड़ी व अन्य। अमृत विचार

## खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**कुरारा (हमीरपुर)।** राजकीय इंटर कालेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तथा विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के दौरान खो-खो, कुर्सी दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने लिया। विजेता एवं उपविजेता टीमों के प्रतिभागियों को पदक, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आशीष पालीवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क का महत्व बताते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, खेल प्रभारी शिक्षकों एवं आयोजन समिति को बधाई दी। कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## ससुर पर जमीन में हिस्सा न देने का आरोप

**हमीरपुर।** सरीला तहसील के भेड़ी गांव की विधवा ने ससुर पर उसके पति के हिस्से की जमीन न देने व जान से मारने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

भेड़ी निवासी विधवा रुचि सिंह ने दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके पति गजेंद्र सिंह की मृत्यु करीब आठ वर्ष पहले हुई थी। तबसे अभी तक ग्राम चकबन्दी क्रियाओं में रहने के बावजूद उसे व उसके पुत्र के नाम जमीन की वरासत उसके ससुर ने नहीं होने दी। ससुर शिवशंकर सिंह की सहमति से लेखपाल अनुराग यादव पर दो लाख रुपये बरासत करने के लिए मांगने का आरोप लगाया। इतनी बड़ी धनराशि से वरासत करवाए जाने के लिए कभी नहीं सुनी है। उसके पति की कृषि भूमि के कुछ पैसे उसके मोबाइल में दिखावा के लिए ससुर डाल देता है।

**दौरा** | महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

# शल्लेश्वर मंदिर में टेका मत्था, सुरक्षा व्यवस्था परखी

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर के ऐतिहासिक श्रीशल्लेश्वर मंदिर पर जाकर मत्था टेका और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने शल्लेश्वर मंदिर पहुंचे। ऐतिहासिक श्रीशल्लेश्वर मंदिर पर जाकर मत्था टेका और मंदिर समिति एवं नगर वासियों से महाशिवरात्रि महोत्सव पर निकलने


श्रीशल्लेश्वर मंदिर का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

वाली शिव बारात के बारे में जानकारी ली।

मंदिर का भ्रमण कर मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई। इसके बाद नेस्ले मार्केट में पहुंचकर भागवत कथा पंडाल का

- शिव बारात के मार्गों के बारे में भी अधिकारियों ने ली जानकारी

निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिससे महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

इस मौके पर एसडीएम बलराम गुप्ता, तहसीलदार राममोहन कुशवाहा, नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जरिया दिनेश कुमार पाण्डेय, पुलिस चौकी प्रभारी ईश्वर नारायण पांडेय व विद्युत विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मतदान केवल अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व भी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय विषय मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, मतदान की प्रक्रिया एवं उसके महत्व से अवगत कराना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था।

प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी पर आधारित होती है। कहा मतदान केवल


संबोधित करते डॉ.आरबी शर्मा।

एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व भी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि एनएसएस युवाओं को सेवा, समर्पण और नेतृत्व की

- ब्रह्मानंद महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

भावना से परिपूर्ण बनाती है। डॉ. आरबी शर्मा ने कहा मतदान के माध्यम से नागरिक शासन प्रणाली में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। डॉ.अमित बिसेन ने लोकतंत्र की मजबूती युवाओं की जागरूकता और नैतिक प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दुर्गेश कुमार ने शिविर की रूपरेखा मतदाता पंजीकरण, निर्वाचन प्रक्रिया मतदान के महत्व पर जानकारी दी।

प्राध्यापक डा रामसुभग ने मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### पतंगबाजी स्पर्धा का आयोजन 15 को

**महोबा।** सूर्य महोत्सव में 15 फरवरी को दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक पतंग बाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को अपनी एंट्री 14 फरवरी की अपील की गई है। जिला क्रीड़ाधिकारी एवं युवा कल्याण अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि उपरोक्त विषयक जिलाधिकारी के आदेश पर मोदी ग्राउंड में चल होगी। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ाधिकारी महोबा एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जाएगा।

### पति ने पत्नी पर किया रॉड से हमला

**कुलपहाड़।** कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला गोविंद नगर में पति ने पत्नी पर रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मारपीट के बाद बुरी तरह घायल पत्नी का बुरा हाल है। पिता ने पुलिस अधिकारियों से भेंट कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विकासखंड जैतपुर के चमरुआ गांव निवासी प्रहलाद पुत्र ग्यासीलाल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि पुत्री नेहा को ग्राम विकास अधिकारी पद पर कार्यरत दामाद ने रॉड से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया गया। पिता ने बताया कि पुत्री अपने पति व बच्चों के साथ कुलपहाड़ नगर के गोविंद नगर में किराए के मकान में रहती है जहां पर ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार ने जानलेवा हमला कर पत्नी को मरणांशन कर दिया। जानकारी मिलने पर पीड़िता के पिता उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसकी हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज भेज दिया गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि उपचार के दौरान घायल पुत्री का सिर फट गया, सिर में कई टांके लगाए गए और हाथ पैर भी फ्रैक्चर हो गया। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर घायल पीड़ित का मेडीकल परीक्षण कराया गया है और आरोपी ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## सूर्य महोत्सव की पहली शाम रही बुंदेली कलाकारों के नाम

संवाददाता कार्यालय, महोबा



नृत्य व गायन की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोदी ग्राउंड में शुरू हुए सूर्य महोत्सव की पहली शाम बुंदेलखंड के कलाकारों के नाम रही। बुंदेली कलाकारों ने गीत संगीत, आल्हा गायन, फाग गायन, भजन राई नृत्य की प्रस्तुति और बुंदेली गीतों से दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। आल्हा गायन सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया। पुरुषों के अलावा महिला गायिकाओं ने भी आल्हा गायन की शानदार प्रस्तुति दी। अमित द्विवेदी की टीम ने बुंदेली और बालीवुड गानों की मैशअप गाकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

महोबा में सूर्य महोत्सव की पहली शाम को बुंदेली कलाकारों के साथ साथ दूर दराज से आए कुछ कलाकारों ने भी गीत संगीत की अनूठी प्रस्तुतियां पेश कर समा बांध दिया। कलाकारों ने ने अपने कलाओं के जरिए दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। आल्हा गायक उमाशंकर सेन ने आल्हा गायन की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। उन्होंने महोबा के इतिहास का आल्हा गायन के जरिए व्याख्यान किया। संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य अबोध सोनी ने श्रीगणेश वंदना और भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्ति मय बना दिया। उनके ग्रुप की गायिकाओं ने भी आल्हा गायन की प्रस्तुति दी। आकाशवाणी छतरपुर के कलाकार संगीताचार्य पंडित जग प्रसाद तिवारी ने लोक गीत की प्रस्तुति देते हुए कहा अपने बुंदेलखंड माइयां बड़े बड़े हो गये री गुइयां, सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद बसंत गीत अब ऋतु आई बसंत बहारन सुनाकर अमित द्विवेदी और उनके टीम के सदस्यों ने बुंदेली और बॉलीवुड गानों के मैशअप को गाकर जमकर वाहवाही लूटी।

### बुंदेलखंड की प्राचीन कला है चितेरी कला

बुंदेलखंड की विलुप्त हो रही प्राचीन चितेरी कला को जीवांत करने के लिए सूर्य महोत्सव के मौके पर चितेरी कला की विशेषज्ञ लखनऊ से आकर छात्र छात्राओं को इस कला का प्रशिक्षण दे रही हैं। बेहद सुंदर और पसंद की जाने वाली बुंदेलखंड की प्राचीन कला अब शादी विवाह के मौके पर भी घरों और मैरिज हाउसों में नहीं दिखती है। इस कला को संरक्षित करने के लिए जिलाधिकारी के प्रयास से चितेरी कला के सूर्य महोत्सव मेले में प्रदर्शनी भी लगाई गई है। गौरतलब है कि बुंदेलखंड में पूर्व समय में शादी विवाह के अवसरों पर घर के दरवाजों पर चितेर कला बनाई जाती थी। बारात आने पर लोग इस कला को देखकर खासा प्रभावित होते थे, इस कला के बनाने से शादी घरों की रौनक बढ़ जाती थी। दरवाजों पर बनाई गई चितेरी कला आकर्षण का केंद्र रहती थी। इतना ही नहीं महलों और हवेलियों के बाहर चितेरी कला की आकृतियां बनाकर महलों को खूबसूरत बनाया जाता था, लेकिन अब यह प्रथा खत्म होती जा रही है, जिसे जीवांत करने के लिए सूर्य महोत्सव के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

### बुंदेलखंडी व्यंजन प्रतियोगिता आज

महोबा संरक्षण एवं विकास समिति के तत्वाधान में मोदी ग्राउंड में 11 फरवरी से 17 फरवरी, 2026 तक चल रहे सूर्य महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 फरवरी को सुबह मोदी ग्राउंड में बुन्देलखंडी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, इसकी सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है, जिसमें स्वादिष्ट व्यंजन बनाने वाले टॉप तीन प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार भी दिया जायेगा। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को व्यंजन बनाने के लिए स्वयं अपनी सामग्री लेकर आना होगा।

## नियमानुसार ही बजाएं डीजे नहीं तो होगी कार्रवाई : डीएम

### डीएम ने विवाह घर संचालकों को बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता कार्यालय, महोबा


विवाह घर संचालकों को निर्देश देतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विवाह घर संचालकों के साथ बैठक की। डीएम ने वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान यातायात बाधित न होने के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत डीजे का संचालन किए जाने के निर्देश दिए साथ ही व्यवस्थाएं दुरुस्त न रखे जाने पर संबंधित गेस्ट हाउस संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

बैठक में गेस्ट हाउस स्वामियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि गेस्ट हाउस के बाहर वाहन पार्किंग से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसे देखते हुए समस्त गेस्ट हाउस संचालक अविलंब पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें, यदि किसी भी गेस्ट हाउस में मुख्य मार्ग को बाधित कर वाहन पार्किंग पाई जाती है तो वाहन स्वामी एवं गेस्ट हाउस संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने विवाह घर संचालकों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही डीजे बजाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि यदि रात्रि दस बजे के बाद तीव्र ध्वनि में डीजे बजते हुए मिले तो संबंधित डीजे मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अवधेश कुमार सहित विवाह घरों के तमाम संचालक उपस्थित रहे।

### मिट्टी के बर्तन में खाना बनाकर शिक्षकों को परोसा

**महोबा।** साईं कालेज आफ एजुकेशन डिग्री कालेज के 19वें तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतिम दिन भोजन बनाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने मिट्टी के बर्तन में स्वादिष्ट भोजन बनाया, जिसकी खूब सराहना की। समारोह के अंतिम दिन प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक क्रीडा समारोह में बाम्बे स्टॉक एक्चेंज के निवेश सलाहकार प्रशांत दीक्षित ने निवेश करने के तरीकों से विद्यार्थियों को रूबरू कराते हुए अपने पैसों को भविष्य में सही जगह व सही समय पर निवेश करने के गुर सिखाए। प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीवन की प्रत्येक समस्या का सामना हमें करना चाहिए क्योंकि संघर्ष से ही विजय का रास्ता निकलता है। प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह में हुई प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कहा कि खेलों से संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है।


धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

## एलआईसी कर्मचारियों ने सरकार की नीति के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- मांगें पूरी न होने पर एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** आल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा महोबा के कर्मचारियों ने शाखा के बाहर सड़क पर खड़े होकर लेबर कोड और निजीकरण सहित सरकार की नीतियों का खिलाफ एक दिवसीय धरना देकर विरोध जाताया।

कानपुर डिवीजन इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन के बैनर तले एलआईसी महोबा शाखा के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों के निस्तारण का मुद्दा उठाया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे शाखा सचिव सुरेश सोनी ने उपस्थित कर्मचारियों कहा कि सरकार ने दशकों पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर उन्हें चार नए लेबर कोड में बदल दिया है। कहा नए कानून मजदूरों के अधिकारों को छीनने और मालिकों को शोषण की खुली छूट देने के लिए बनाए गए हैं और इससे निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा साथ ही ठेकेदारी प्रथा लागू होने से श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा। कर्मचारियों ने इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सरकार के सामने नए लेबर कोड को रद्द करना, आउटसोर्सिंग और ठेकेदारी प्रथा पर पूरी तरह रोक लगाने, सार्वजनिक क्षेत्रों के विनिवेश को बंद करने और बीमा उद्योग को कमजोर करने वाले सुनियोजित अभियानों को तत्काल रोकने की चार मुख्य मांगें रखी।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में क्लास 3 और क्लास 4 के खाली पदों पर जल्द से जल्द नई भर्ती करना और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना भी शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की इन नीतियों के कारण देश का युवा बेरोजगार है और स्थायी रोजगार की समस्या विकराल होती जा रही है। इस मौके पर शाखा सचिव सुरेश सोनी, अध्यक्ष तंजीम, अखिलेश, सचिन, आशुतोष, सौरभ, रेखा, पीयूष, उमाकांत रहे।

## दौरिया ने घंघौरा को हराकर जीता टूर्नामेंट

संवाददाता बेलाताल महोबा


विजेता टीम के खिलाड़ी को ट्राफी देते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घंघौरा गांव के मैदान में चल रहे बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन दौरिया क्लब और घंघौरा क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। दोनों ही टीमों के खिलाड़ी अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए जोर आजमाइश करते रहे, लेकिन दौरिया टीम ने विरोधी टीम को 38 रनों से हराकर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच देखने के लिए दर्शकों की खासी भीड़ मैदान के आसपास जुटी रही। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि बसपा नेता निर्दोष दीक्षित रहे, जिन्होंने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व शील्ड देकर सम्मानित किया। बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में दोनों टीमों के कप्तानों को मैदान पर बुलाकर अम्पायर निखिल और अंकित ने टास कराया, जिसे दौरिया क्लब ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टास के बाद घंघौरा टीम के खिलाड़ी फील्ड पर पहुंचे और कप्तान ने फील्डिंग सेट की, इसके बाद टीम के ओपनर बल्लेबाज क्रीज पर पहुंचे और अम्पायर के इशारे के बाद गेंदबाज ने पहली गेंद फेंकी। निर्धारित 16 ओवर के मैच में दौरिया के बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए छह विकेट खोकर 135 रनों का लक्ष्य दूसरी टीम को दिया। लंच के बाद घंघौरा के बल्लेबाज जीत के लिए मैदान पर उतरे, लेकिन दौरिया टीम के गेंदबाजों की गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सके और एक के बाद एक विकेट खोकर 12 ओवर में 97 रन बनाकर आल आउट हो गए, दौरिया क्लब ने 38 रनों से टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीत कर ट्राफी पर कब्जा किया।

## हिन्दू सम्मेलन:संगठित हिन्दू समाज ही भारत को बनाएगा विश्व गुरु

संवाददाता कार्यालय, महोबा


कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिन्दू समाज की एकता, जागरण एवं सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज महोबा के तत्वावधान में कालेज परिसर में एक विशाल हिंदू सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख रोहित राज व विशिष्ट अतिथि मुख्य वक्ता प्रयांशी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ कार्यक्रम शुरू किया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता ने कहा कि हिन्दू सनातन, विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म है और संस्कारित हिन्दू परिवार और संगठित हिन्दू समाज ही भारत को विश्व गुरु बनाएगा। कहा कि सबसे प्राचीन सनातन हिन्दू धर्म व इसकी परम्पराएं हैं और विश्व के अन्य सभी धर्म सनातन से ही निकले हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी ने हिंदू समाज के उत्थान के लिए संघ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और कुटुंब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्यों को जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने सभी आगंतुकों, स्वच्छता सेवकों और व्यवस्था में लगे बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी सहित कालेज के आचार्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

### नहर में पानी छोड़े जाने की डीएम से मांग

**महोबा।** तहसील चरखारी के पुन्नियां गांव निवासी किसानों ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि खेतों में चना, मटर और गेहूं की फसल बोई है, लेकिन पानी के अभाव में सिंचाई नहीं हो पा रही है। बताया कि गांव से निकली नहर को विभाग ने अभी तक चालू नहीं किया, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

पत्रांक– 1060/ न0पा0प0, गुर0गंज / (2025–26) दिनांकः 12/2/26

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज द्वारा वेबसाइट डेवलपमेंट करने वाली समस्त भिज्ञ एजेंसियों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाए जाने हेतु नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज अंतर्गत पालिका में साफ्टवेयर एवं उसका सब्सक्रिप्शन तैयार किए जाने का कार्य कराया जाना है। जिसकी निविदा समाचार में प्रकाशन की तिथि से लेकर दिनांक 25 फरवरी 2026 अपराह्न 2: 00 बजे तक नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं दिनांक 25 फरवरी 2026 अपराह्न 3: 00 बजे इच्छुक उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 24 फरवरी 2026 अपरान्ह 5: 00 बजे तक नगर पालिका के निर्माण पटल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित है। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदाओं की कार्रवाई अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जाएगी। निविदा के संबंध में नियम व शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में संबंधित निर्माण पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | ईएमडी धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | डोर टू डोर कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग फैसिलिटी के मोनिटरिंग कार्य हेतु स्कोप के अनुसार RFID टैग की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन, मोबाइल ऐप एवं वेब–डैशबोर्ड डेवलपमेंट, सर्वर होस्टिंग एवं डेटा सिक्योरिटी, यूजर ट्रेनिंग (वेस्ट कलेक्टर, सुपरवाइजर), AMC, टेक्निकल सपोर्ट, रिपोर्टिंग एवं कस्टम एनालिटिक्स का कार्य | Rs 50,000.00 | Rs- 500.00 |

(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी (मुन्नीदेवी) अध्यक्ष


### पूर्व मुख्यमंत्री की नगर में प्रतिमा लगाए जाने को सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की नगर के मुख्य चौराहा व तिराहा में प्रतिमा लगवाए जाने को लेकर समाजवादी व्यापार सभा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं, वरिष्ठ सपा नेताओं और नगर पालिका के सभासदों ने नगर पालिका परिषद महोबा पहुंचकर अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शहर के बिलबई, बजरिया, लवकुश नगर तिराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायक सिंह यादव की प्रतिमा लगाए जाने की मांग की। ईओ को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं पदम विभूषण से सम्मानित स्व. मुलायम सिंह यादव जिन्होंने प्रदेश में अपनी सरकार बनने पर महोबा को जिला का दर्जा दिलाया और साथ ही यहां प्रथम डीएम को अपने साथ लेकर आए थे। ज्ञापन देने के दौरान कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम | 39वें मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जुटेंगी मंडल की टीमें

## मिनी बाल क्रीड़ा की तैयारियां पूरी, आज से स्पर्धा

संवाददाता कार्यालय, महोबा



रंगोली बनातीं शिक्षिकाएं व खेल के लिए तैयार मैदान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 39वें मंडलीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का 13 फरवरी को राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम में सुबह दस बजे से शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर द्वारा कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्टेडियम में रंगोली बनाकर और ग्राउंड की साफ सफाई कराकर चमाचम करा दिया गया है। शिक्षक प्रशांत कुमार के निर्देशन पर सरोज यादव, पुष्पा सोनी, अर्चना तिवारी ने रंग बिरंगे रंगों से रंगोली तैयार की। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के लिए पंडाल तैयार कराया गया है। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के ठहरने और खानपान की भी व्यवस्था की गई है।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा ने बताया कि मंडलीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर और सरस्वती वंदना के बाद कराया जाएगा। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण और बैज अलंकरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि का स्वागत, ध्वाजा रोहण एवं सलामी मंच तक लाया जाएगा। ग्राउंड पर प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट और मुख्य अतिथि द्वारा सलामी दी जाएगी। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद शफी ने अपनी टीम के साथ ग्राउंड को तैयार करा दिया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और महोबा जिले के बेसिक शिक्षा से जुड़े विद्यालय छात्र छात्राएं भाग लेगें। क्रीड़ा प्रतियोगिता में 600 मीटर फाइनल दौड़, कबड्डी, खोखो, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक तबा फेंक, जूनियर बालक सौ मीटर फाइनल दौड, प्राथमिक स्तर बालक सौ मीटर फाइनल दौड़, प्राथमिक स्तर बालिका सौ मीटर फाइनल सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसके अलावा शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सरसेड़ामाफ विकास खण्ड गोहाण्ड. (हमीरपुर)**

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांकः–10–02–2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत **ग्राम पंचाय सरसेड़ामाफ** में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो दिनांक 18–02–2026 को अपरान्ह 3: 00 बजे तक **ग्राम पंचायत सरसेड़ामाफ** के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3: 30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 11–02–2026 से दिनांक 18–02–2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में रामश्री के मकान से संजय के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1.81871 लाख रू0 | 3.637 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |
| 02 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में पप्पू के मकान से मथी के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1.64379 लाख रू0 | 3.287 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |
| 3 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में मन्दिर के पाास चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण कार्य | 3.21361 लाख रु0 | 6.427 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |
| 4 | मनरेगा | ग्रा.पं0 **सरसेडामाफ** में राम किशन के मकान से विनोद के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 4.93392 लाख रु0 | 9.867 रू0 | (225)+ (41) रू0 | 06 माह |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सरसेडामाफ, विकास खण्ड-गोहाण्ड (हमीरपुर)**

## न्यूज ब्रीफ

### लोक अदालत में अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**चित्रकूट।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि स्थायी लोक अदालत चित्रकूट में अध्यक्ष पद संतोष कुमार तृतीय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बताया कि स्थायी लोक अदालत में यातायात, डाकतार या टेलीफोन, विद्युत आपूर्ति, जल, लोक सफाई या स्वच्छता प्रणाली सेवा, अस्पताल या औषधालय, बीमा सेवाओं से संबंधित वाद दाखिल कर त्वरित न्याय प्राप्त किया जा सकता है।

### देशराज पांडेय की स्मृति में हुआ कवि सम्मेलन

**चित्रकूट।** भारतीय साहित्यिक संस्थान के संस्थापक साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. देशराज पांडेय की पुण्यतिथि पर डॉ. भाभा कान्वेंट स्कूल में रामपाल त्रिपाठी की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन हुआ। इस मौके पर सभासद शंकर प्रसाद यादव व कवियों, रचनाकारों ने स्व. देशराज पांडेय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर चतुर्भुज मिश्रा, बलवीर सिंह, अख्तर फ़राज़, शिवशंकर विश्वकर्मा, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, डा. हरिमोहन राय, रूपनिधि रहे।

### आधुनिक खेती पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

**सीतापुर (चित्रकूट)।** ग्रामोदय विवि के कृषि संकाय के तत्वावधान में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डीपी राय, संगोष्ठी संयोजक प्रो. सुधाकर प्रसाद मिश्रा तथा ग्राम टेढ़ी पतवनिया के सरपंच नरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को समसामयिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर जानकारी दी।

### सीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने गुरुवार को 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सीडीओ ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्ययोजना बनाकर काम करें तभी इसे समय से पूरा किया जा सकता है। गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।



ग्रामोदय महोत्सव के समापन पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का समापन

**सीतापुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के स्थापना समारोह के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का गुरुवार को समापन किया गया। इस दौरान डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कुलपति प्रो. आलोक चौबे, कुलसचिव प्रो. रमेशचंद्र त्रिपाठी, मुख्य संयोजक प्रो. नंदलाल मिश्रा, सह संयोजक प्रो. ललित कुमार सिंह, पूर्व कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्रा एवं प्रो. भरत मिश्रा आदि मौजूद रहे। स्वरजिका पंडा, दीपन्नीता, मान्या सिंह, अंकिता एवं साथी, भारती सिंह एवं साथी, ज्योति पटेल एवं साथी, आराधना एवं समूह, उज्ज्वला कुमारी एवं साथी, राशिका एवं समूह, कनकवर्धन, अंकिता सेन एवं समूह, ईशू सिंह, स्तुति मिश्रा, जसस्विनी, निवेदिता वर्मा, प्रियांशु ताम्रकार, यामिनी तुरकर सहित विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। संयोजन विवेक फड़नीस और संचालन यामिनी तुरकर ने किया।

# संदिग्ध अवस्था में ट्रैक्टर के नीचे आया बच्चा, मौत

## नदी में फेंकने की कोशिश का आरोप, पुलिस के समझाने पर देर शाम पोस्टमार्टम को तैयार हुए परिजन



मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार



लोगों को समझाने पहुंचे सीओ फहद अली। अमृत विचार



दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर को घेरे खड़े लोग। अमृत विचार



बच्चे की बेहाल मां कविता। अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** स्कूल से घर लौट रहे बच्चे को कुछ लोगों ने ट्रैक्टर पर बैठा लिया। इसी दौरान संदिग्ध हालात में बच्चा ट्रैक्टर के नीचे आ गया और उसकी कुचलकर मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि आरोपी शव को यमुना नदी में फेंकने जा रहे थे तभी ग्रामीणों ने देख लिया। परिवारीजनों के साथ ग्रामीणों ने हंगामा किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। देर शाम पुलिस ने परिजनों को आरोपियों पर गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया, इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने दिया गया।

### पिता की भी हुई थी संदिग्ध अवस्था में मौत

- मृतक सनी के चाचा शिवाकांत और बाबा सुहावन ने बताया कि सनी के पिता शिवबाबू की भी लगभग डेढ़ साल पहले एक हादसे में संदिग्ध अवस्था में मौत हुई थी। वे लोग इस संबंध में कार्रवाई की गुहार लगाते रहे पर अभी तक पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी। पति के बाद पुत्र को खोने से मां कविता देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### किसी माननीय के लिए बन रहा था हेलीपैड

- चाचा शिवाकांत ने आरोप लगाया कि गांव में दंगल के लिए किसी माननीय को आना है। इसी को लेकर यहां हेलीपैड बनाया जा रहा था और जमीन का समतलीकरण किया जा रहा था। ट्रैक्टर पर भार बढ़ाने के लिए बच्चे को भी बैठा लिया गया था और लापरवाही से बच्चा नीचे आ गया और उसकी जान चली गई।

मामला राजापुर थानांतर्गत रुपौली गांव का है। जानकारी के मुताबिक, कविता देवी निषाद पत्नी स्व. शिवबाबू का 11 वर्षीय पुत्र सनी उर्फ अभिनंदन रोज की तरह गुरुवार को गांव के सीएम विद्यालय से पढ़कर लौट रहा था। रास्ते में एक ट्रैक्टर से कुछ लोग जमीन का समतलीकरण कर रहे थे। इन लोगों ने बच्चे को ट्रैक्टर में बैठा लिया। इसी दौरान सनी छिटककर नीचे जा गिरा और ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी बच्चे के शव को बोलेरो में रखकर यमुना नदी में फेंकने जा रहे थे। इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने इनको घेर लिया। जमकर बवाल हुआ और ग्रामीण और परिवारीजनों ने शव को सड़क पर रखकर नारेबाजी शुरू कर दी।

ग्रामीणों का कहना है कि इस दौरान पुलिस शव को आरोपी की ही बोलेरो से ले जाने लगी। इस पर ग्रामीणों का आक्रोश और भड़क गया। उन लोगों ने शव को उतारा और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लगभग चार घंटे तक बवाल चलता रहा। मामला बिगड़ता देख सीओ फहद अली और थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। लोगों का आरोप था कि पुलिस आरोपियों से मिलकर मामले को रफा दफा करना चाह रही है। सीओ ने लोगों को समझाया और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर देर शाम बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। सीओ ने बताया कि भूमि का समतलीकरण हो रहा था। ट्रैक्टर पर बच्चा बैठा था तभी नीचे गिर गया। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने के बाद आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पूर्व प्रधान उमाकांत त्रिपाठी, कैलाश निषाद प्रांतीय अध्यक्ष निषाद पार्टी आदि मौके पर पहुंचे और परिवारीजनों को ढांढस बंधाया।

- परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर काटा हंगामा

## जीआरपी कर्मियों ने बचाई दो यात्रियों की जान, हुई सराहना

**चित्रकूट।** जीआरपी कर्मियों की तत्परता और सूझबूझ ने दो यात्रियों की जान बचा ली।

देर से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 10 फरवरी की है। प्लेटफॉर्म संख्या एक पर यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस चल पड़ने पर एक यात्री शिववल्लभ निवासी थाना पश्चिम शरीरा, जिला कौशांबी ने चढ़ने का प्रयास किया और संतुलन बिगड़ने से प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिर पड़ा। वहां मौजूद जीआरपी उपनिरीक्षक शालिनी सिंह, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह और राजेश मौर्य तुरंत हरकत में आए और बिना समय गंवाए उसे खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसी दौरान एक अन्य युवक मोहित पटेल निवासी गल्ला मोहल्ला राजापुर, जो उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा था, स्वयं भी फिसलकर खतरे में आ गया। जीआरपी कर्मियों ने साहस और तत्परता दिखाते हुए इसे भी बाहर खींच लिया। दोनों यात्रियों को मामूली चोटें आईं। मौके पर मौजूद यात्रियों ने पुलिस टीम की जमकर सराहना की।

- चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिर गए थे दोनों

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## मड़फा में आध्यात्मिक आयोजन में जुटी भीड़

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भरतकूप में कोलौंहा में मड़फा पहाड़ के नीचे मड़फा महादेव मंदिर में स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के मार्गदर्शन में चल रहे शिवशक्ति महायज्ञ और राजराजेश्वरी महाआराधना में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ देश के सुदूर अंचलों में लगातार प्रवास कर समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का अभियान चला रहे हैं। इस आयोजन के माध्यम से जनमानस को वेद, उपासना, संस्कार और धर्माचरण की महिमा समझाई जा रही है। यज्ञ में वैदिक मंत्रों के साथ दी जा रही आहुतियाँ राष्ट्र, समाज और समस्त मानवता के कल्याण की कामना से समर्पित की जा रही हैं। स्वामीजी ने कहा कि सनातन संस्कृति मानवता को जोड़ने वाली संस्कृति है। जब तक हम अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे, तब तक राष्ट्र की आत्मा सशक्त बनी रहेगी।



अनुयायियों को उपदेश देते स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ। अमृत विचार

## विधायक ने सदन में उठाया अन्ना मवेशियों का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



अनिल प्रधान।

- विधायक ने सरकार से कहा समस्या से स्थाई छुटकारा दिलायें

**अमृत विचार।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार को अन्ना मवेशियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सरकार इस समस्या से किसानों को स्थायी छुटकारा दिला सकेगी।

सपा विधायक ने कहा कि जिला चित्रकूट सहित पूरे प्रदेश का किसान अन्ना मवेशी, नीलगाय, जंगली जानवरों और बंदरों आदि से परेशान है। पूर्ववर्ती सरकार ने किसान मित्रों का चयन किया था पर 2017 से न तो इनकी बहाली हुई और न ही मानदेय दिया गया। सरकार किसानों को समृद्धशाली बनाना चाहती है तो कुल लागत सीटू पर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी दे। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि तकनीकी सहायकों की भर्ती में आरक्षण घोटाला किया गया। अनिल प्रधान ने अपने प्रश्न के माध्यम से कृषि मंत्री से सवाल किया कि क्या खेती में अत्यधिक लागत मूल्य के मद्देनजर सरकार किसानों को कृषि उपकरणों, खाद और डीजल में सब्सिडी देगी।

### मेडिकल कालेज की भी बात उठाई

- सदर विधायक ने बताया कि जिले में मेडिकल कालेज की मांग लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने पूर्व में भी इस बात को उठाया था। सरकार ने बताया था कि इसे पीपीपी माडल से बनना है। अभी तक इसका निर्माण नहीं शुरू किया गया है।

### ठेकेदार नहीं करा रहा सड़क का काम

- विधायक ने कहा कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत कर्वी ब्लाक की ग्राम पंचायत खम्हरिया में सीसी रोड का अनुबंध मे. धर्मेंद्र कुमार कांट्रेक्टर के पक्ष में हुआ। ठेकेदार का कहना है कि ग्रामीण यहां निर्माण में आपत्ति कर रहे हैं, जबकि ग्रामीणों ने ऐसी कोई बात नहीं की और इस संबंध में शपथपत्र भी दिया। ठेकेदार जानबूझकर लापरवाही कर रहा है। मार्ग न बनने से गांववालों को दिक्कतें हो रही हैं।

## जिले में 17 मार्च से होगी गेहूं खरीद, 35 क्रय केंद्र बनाए गए

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** सरकारी खरीद केंद्रों पर 17 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हो जायेगी। इसके लिए जिले में 35 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।

यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गेहूं खरीद के लिए जिले में तीन एजेंसियों के 35 गेहूं क्रय केंद्रों का अनुमोदन किया है। कर्वी में 14, मानिकपुर में पांच, राजापुर में सात एवं मऊ तहसील में नौ क्रय केंद्र हैं। बताया कि गेहूं खरीद के लिए आनलाइन पंजीकरण और अपडेशन शुरू हो गया है। 13 किसानों ने अबतक पंजीकरण कराया है। किसान खाद्य विभाग की वेबसाइट पर ई-उपार्जन माड्यूल में नवीन पंजीकरण या पंजीकरण संशोधन करा सकते हैं। जिन किसानों ने गत वर्षों में धान अथवा गेहूं खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें इसके लिए पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को संशोधित करना होगा।

**स्वयं भी कर सकते हैं पंजीकरण**

झा ने बताया कि किसान किसी भी जनसेवा केंद्र साइबर कैफे में जाकर अथवा स्वयं मोबाइल से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। धान क्रय केंद्रों पर भी निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण समाधान दिवसों पर तहसीलों में इसके लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

### आधार से लिंक्ड होना चाहिए बैंक खाता

भुगतान किसानों को उन्हीं बैंक खातों में किया जाएगा, जो उनके आधार नंबर से लिंक्ड है तथा एनपीसीआई मैपिंग हैं। बैंक खाता सक्रिय होने के लिए आवश्यक है कि उसमें पिछले 13 महीने में धनराशि का लेनदेन किया गया हो। किसान किसी भी सहायता के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लाक के विपणन निरीक्षक/क्रय केंद्र प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

## देश के कृषि क्षेत्र को बर्बाद कर देगा समझौता : रुद्र प्रसाद

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को उप्र किसान सभा की जिला इकाई ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों से दुकानें बंद करने की अपील की। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे उप्र किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि अमेरिका से किया गया समझौता कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने वाला है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश की संपत्ति पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। अमेरिका से समझौते से सरकारी तौर पर फसल खरीद बंद हो जाएगी, मंडी समाप्त हो जाएगी, राशन प्रणाली खतरे में पड़ जाएगी। देश को इस संकट से बचाने और जनता को जागरूक करने के लिए इस हड़ताल को किया गया है।

सरकार देश को गुलामी की ओर ले जा रही है। गंभीर मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे है। जब व्यापार समझौते पर यूरोपीय संसद में बहस हो सकती है तो भारतीय संसद में क्यों नहीं। यह समझौता निष्पक्ष नहीं है बल्कि आर्थिक उपनिवेशवाद का एक खाका है, जो भारतीय बाजार पर कारपोरेट कब्जे का रास्ता खोलेगा, घरेलू कृषि और उद्योग को तबाह करेगा। भारत में रोजगार के अवसरों को समाप्त करेगा। इससे घरेलू कृषि उत्पादन और छोटे किसानों पर विनाशकारी असर पड़ेगा। मिश्र की अगुवाई और जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम के नेतृत्व में इन लोगों ने जुलूस की शक्ल में भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन किया और लोगों से इस बंद को सफल बनाने का आह्वान किया। बाद में जनसभा कर काले कानून वापस लो, भारत अमेरिका समझौता रद्द करो के नारे लगाए।



जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करते उप्र किसान सभा के लोग। अमृत विचार


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आशीष कुमार पुत्र शंकर लाल (ASHISH kumar S/O SHANKAR LAL) दर्ज है। जो कि सही है। जब कि ड्राइविंग लाइसेंस में ASHIS KUMAR S/O SHANKAR LAL गलत दर्ज हो गया। इसलिए आधार कार्ड के आधार पर मेरा सही नाम ASHISH kumar S/O SHANKAR LAL ही है। **आशीष कुमार पुत्र शंकर लाल निवासी- सुनवरसा, तहसील मैथा, जनपद- कानपुर देहात**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन-1985 अनुक्रमांक-1199022 का प्रमाण-पत्र वास्तव में खो गया है। MOHAMMAD SAIF (मोहम्मद सैफ़) पुत्र AFZAL AHMAD (अफजाल अहमद), निवासी-म0नं0-107/44, बाइसी की मस्जिद, लखनऊ, उ0प्र0-226001

**सूचना**

मेरा नाम राज कुमार श्रीवास्तव था जिसे बदल के मैंने राज कुमार रखा है अतः मुझे राज कुमार के नाम से जाना और पहचाना जाए। **राज कुमार पुत्र कृष्ण मोहन, निवासी- ग्राम अंधियारी तहसील मनकापुर पोस्ट अंधियारी, अंधियारी गोंडा उत्तर प्रदेश- 271302**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम CHANDRA PRAKASH GUPTA था से बदलकर CHANDRA PRAKASH रख लिया है। अब मुझे CHANDRA PRAKASH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-VISHVA NATH GUPTA, ADD-94/109, NEAR SAI BABA MANDIR NAVAIYA GANESHGANJ PARK AMINABAD DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम TABREZ AHMAD KHAN था से बदलकर TABREZ AHMED KHAN रख लिया है। अब मुझे TABREZ AHMED KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SHABBIR AHMED KHAN ADD-314, SITALAPUR MANKAURA NUNGO SHITLAPUR DIST-BALRAMPUR-271208(U.P.)

**Public Notice**

Delisha Anwar daughter of Lt. Sabir Anwar Siddiqui is now to be known as Dalisha Anwar Siddiqui as her name has been corrected in the school records as it was a manual error done by her parents.

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD SHAHAVAN से बदलकर SAHBAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME -IRFAN ADD-VILLAGE SARKATIYA POST AND PS-RUDAULI DIST-AYODHYA-224120 (U.P.)

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MITHILESH KUMAR SHARMA था से बदलकर MITHILESH SHARMA रख लिया है। अब मुझे MITHILESH SHARMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAJESH SHARMA ADD-76 BADHAI TOLA PO-MATHIA-BUZURG DIST-KUSHINAGAR-274802 (U.P.)

**सूचना**

पहले मेरा नाम RAKESH KUMAR था अब मैने बदलकर अपना नाम RAKESH KUMAR JAISWAL रख लिया है भविष्य में मुझे RAKESH KUMAR JAISWAL के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- ISHWAR CHANDRA JAISWAL R/O- WARD N0 7 BILTHARA ROAD, PO- BILTHARA ROAD, DISTT- BALLIA UTTAR PRADESH- 221715

**सूचना**

मैं **पिन्की गुप्ता पत्नी ललित कुमार गुप्ता निवासिनी 5/417, विकास नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** सर्वसाधारण को विदित करना है कि पिन्की सिंह, श्री ललित कुमार गुप्ता की पत्नी हैं। इनके नाम में पिन्की सिंह के स्थान पर पिन्की गुप्ता जाना जाए।

**सूचना**

मैं सचिन यादव घोषित करता हूँ कि मेरी द्वितीय वर्ष की अंक तालिका 5 फरवरी को जिसका रोल नं 210721 है। यह (बीबीएयू) बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ की है और गुम हो गयी है। यदि किसी को मिलती है, तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करने का कष्ट करें : सचिन यादव 7985877251 आप बीबीएयू के परीक्षा विभाग को भी सूचित करा सकते हैं।


**धर्म अध्यातम**

**शोभयात्रा में जबलपुर की शहनाई और प्रयागराज की झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र**

# धूमधाम से निकलेगी महाराजाधिराज की शोभायात्रा

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व पर धूमधाम से महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ सरकार की शोभायात्रा बारात निकलेगी1 जबलपुर का बैंड और शहनाई तथा प्रयागराज से आई झांकी आकर्षण का केंद्र होंगी । चार प्रहर की महाआरती, रतजगा और अनुष्ठानों का दौर जारी रहेगा ।

मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर की फूलों से भव्य सजावट होगी । पूरे दिन भजनों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। फलाहारी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे रामघाट से महाराजाधिराज सरकार मत्यगजेंद्रनाथ की बारात निकलेगी । बारात में रथ में सवार भगवान के साथ अखाड़ों के निशान, संत महंत, प्रयागराज की झांकी, जबलपुर का बैंड और हाथी घोड़े रहेंगे । बारात रामघाट से जयपुरिया तिराहा होते हुए पुराना सीतापुर बस स्टाप, चौगलिया होते हुए रामघाट पहुंचेगी।



महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ भगवान। अमृत विचार

### चार प्रहर की होगी आरती

- मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन बिहारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शाम साढ़े आठ बजे पहली महाआरती होगी। इसके बाद रात्रि 11.30 बजे दूसरी, दो बजे तीसरी और सुबह चार बजे मंगला आरती होगी । जबलपुर की शहनाई मंदिर में गूंजती रहेगी और पूरी रात भजन, कीर्तन, अनुष्ठान और रतजगा का दौर चलेगा । मंदिर प्रशासन की ओर से आयोजन की युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं ।

### जयपुरिया तिराहे पर बुंदेली सेना करेगी स्वागत

- बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले करीब एक दशक से उनकी टीम द्वारा जयपुरिया तिराहे में राजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ सरकार की बारात का स्वागत किया जा रहा है । गुरुवार को बैठक करके स्वागत की तैयारियों पर चर्चा की गई और जिम्मेदारियां सौंपी गईं । तय हुआ कि बारात पर फूलों की वर्षा, बाराती माला, सेंट स्प्रे करके 51 किलो पंचमेवा प्रसाद का वितरण किया जाएगा । बैठक में अंकित पहारिया, जानकी शरण गुप्ता, कर्वी माफ़ी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल, अतुल सिंह, वीपी पटेल, कमल सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## जगन्नाथवासी में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**सीतापुर।** गुप्त गोदावरी मोड़ के पास स्थित सेमरिया जगन्नाथ वासी गांव में गुरुवार से क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष साधना पटेल के साथ प्रखर पटेल व मुकेश कुमार ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। टूर्नामेंट के आयोजक श्रवण कुमार ने उपस्थित सभी खेल प्रेमियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदीप पटेल, आदित्य पटेल, भगवानदीन पटेल, अजय टाइगर, रोहित पटेल, रामसोहावन पटेल, छोटइया पटेल, कन्हैया पटेल, धर्मेंद्र पटेल, आशीष गर्ग, मयंक शुक्ला आदि मौजूद रहे। बरुई पाठा क्षेत्र व घुरेटनपुर के बीच उद्घाटन मैच खेला गया, जिसमें घुरेटनपुर ने बरुई टीम को चार विकेट से हराया।

